page 1_Layout 1 31-10-2026 21:26 Page 1

अनमोल वचन

'जब मनुष्य का मन शांत होता है, तभी वह सच्ची खुशी पाता है।'

डेली
आवाज भारती
बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » रविवार, 1 नवम्बर 2026 » वर्ष : 01 अंक :189 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

पढ़े पृष्ठ 6 पर...

आज का भारती

मनीषा भानवाला ने रचा इतिहास

विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

भारतीय पहलवान मनीषा भानवाला ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में 59 किलोग्राम वर्ग का स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने अमेरिका की अबीगेल नेट को 8-6 से हराया। मनीषा ने मुकाबले में 0-6 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। उनकी इस उपलब्धि से भारतीय महिला कुश्ती को नई पहचान मिली है।

सार संक्षेप

पाकिस्तान में मस्जिद से लौट रहे शिक्षक की गोली मारकर हत्या

पाकिस्तान। एक बार फिर गोलीबारी की घटना ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लोअर दीर जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक सेवानिवृत्त शिक्षक की हत्या कर दी। मृतक की पहचान मुहम्मद शिरीन के रूप में हुई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, शिरीन बाग दुश्केल गांव में स्थित मस्जिद में मग़रिब की नमाज अदा करने के बाद घर लौट रहे थे। इसी दौरान हथियारबंद हमलावरों ने उन्हें निशाना बनाकर गोलियां चला दीं। हमले में उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आरोपी घटनास्थल से फरार हो गए। मृतक के भाई मुहम्मद फाजिल और उनके चचेरे भाइयों अमजद तथा इलियास की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

बांग्लादेशी नेता की भारत को गीदड़ भभकी,नहीं बनने देंगे ट्रांजिट कॉरिडोर

बांग्लादेश। एक विपक्षी नेता ने अपने देश से होकर भारतीय ट्रांजिट कॉरिडोर बनाने की किसी भी कोशिश के खिलाफ चेतावनी दी है और दिसंबर में गंगा संधि की अवधि समाप्त होने से पहले नयी दिल्ली के साथ जल बंटवारे को लेकर एक निष्पक्ष समझौता करने की मांग की। स्थानीय मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली। नेशनल सिटीजन पार्टी (NCP) के संयोजक नाहिद इस्लाम ने शुक्रवार को ढाका में एक रैली के दौरान यह बात कही, जिसमें पार्टी के सैकड़ों समर्थक शामिल हुए। इस रैली का मुख्य उद्देश्य बांग्लादेश के गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद और बिजली, ऊर्जा एवं खनिज संसाधन मंत्री इकबाल हसन महमूद टुकू के इस्तीफे की मांग करना था। टुकू पर आरोप है कि वह कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा गैस और बिजली की कमी को दूर करने में नाकाम रहे हैं।

पंजाब सरकार का ऐतिहासिक कदम

नशा तस्करी से जुड़े मामलों के त्वरित निपटारे के लिए स्थापित होंगी 35 विशेष एनडीपीएस अदालतें

- मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब कैबिनेट ने विशेष एनडीपीएस अदालतों की स्थापना को दी मंजूरी
- 35 अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों सहित कुल 385 पदों को मिली स्वीकृति

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब कैबिनेट ने राज्यभर में नशे से संबंधित मामलों के त्वरित निपटारे, न्यायिक लंबित मामलों की संख्या कम करने और नशे के खिलाफ चल रही मुहिम को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से 35 विशेष NDPS (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस) अदालतें स्थापित करने को मंजूरी दे दी है। इस संबंध में फैसला शनिवार को मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया गया। इसकी जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय ने बताया कि पंजाब नशा तस्करी और नशे के दुरुपयोग की गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है। राज्य में हर साल लगभग 20,000 NDPS मामले दर्ज होते हैं और करीब 27,000 गिरफ्तारियां की जाती हैं।

इनमें से लगभग 12,000 मामलों की सुनवाई सेशन अदालतों में होती है, जबकि हर साल केवल करीब 5,700 मामलों का ही निपटारा हो पाता है। इसके चलते 31 अगस्त 2026 तक राज्य में NDPS के कुल 52,577 मामले लंबित थे। परिणामस्वरूप, इन मामलों के निपटारे में औसतन लगभग आठ साल का समय लग रहा है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने अगले पांच से सात वर्षों में लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए अतिरिक्त विशेष NDPS अदालतों की आवश्यकता का आकलन किया था। इसी के अनुसार कैबिनेट ने पहले चरण में 35 विशेष अदालतें स्थापित करने की मंजूरी दी है। इसके साथ ही कुल 385 पदों को मंजूरी दी गई है। इनमें 35 अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, 315 सहायक स्टाफ सदस्य और 35 सहायक जिला अटॉर्नी शामिल हैं। इस पूरी योजना के लिए बुनियादी ढांचे सहित लगभग 75 करोड़ रुपये का अनुमानित खर्च भी स्वीकृत किया गया है। नई विशेष NDPS अदालतों के पूरी तरह से कामकाज शुरू करने तक मौजूदा नामित अदालतें अपना काम जारी रखेंगी। इन विशेष अदालतों की स्थापना से NDPS मामलों का तेजी से निपटारा करने, लंबित मामलों का बोझ कम करने और न्यायिक प्रक्रिया में होने वाली देरी को रोकने में मदद मिलेगी। साथ ही, सरकारी गवाहों का बेहतर उपयोग भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। यह पहल नशे से जुड़े अपराधों के खिलाफ न्यायिक व्यवस्था को और मजबूत करेगी तथा राज्य में नशे के कारोबार की कमर तोड़ने के लिए पंजाब सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों को नई गति प्रदान करेगी।

इजराइल में सत्ता बदले तो भी नई सरकार के लिए भारत से रिश्ते मजबूत रहेंगे

देश हित में क्यों अहम मोदी-नेतन्याहू की दोस्ती ?

डेली आवाज भारती

इजराइल। अगली सरकार चाहे जिस गठबंधन की बने, उसके सामने भारत के साथ मजबूत रिश्तों को कायम रखने की बड़ी जिम्मेदारी होगी। भारत और इजराइल के संबंधों को केवल रक्षा सौदों, व्यापारिक समझौतों या नेताओं की मुलाकातों तक सीमित करके नहीं देखा जा सकता। दोनों देशों के बीच भरोसे, ऐतिहासिक जुड़ाव और साझा रणनीतिक हितों की भी अहम भूमिका है। यही वजह है कि इजराइल में अगली सरकार के गठन से पहले भारत के साथ रिश्तों के भविष्य को लेकर चर्चा तेज हो गई है। द टाइम्स ऑफ इजराइल के ब्लॉग में प्रकाशित एक लेख में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच व्यक्तिगत दोस्ती ने दोनों देशों के संबंधों को मजबूती और नई पहचान दी है। हालांकि, इस रिश्ते को केवल दो नेताओं की केमिस्ट्री या व्यक्तिगत करीबी के रूप में देखना सही नहीं होगा। लेख के मुताबिक, यह दो ऐसे देशों के बीच भरोसे का रिश्ता है, जिनका इतिहास, सभ्यतागत निरंतरता और सुरक्षा संबंधी चुनौतियां कई मायनों में एक-दूसरे से मिलती हैं।

दोस्ती से आगे है भारत-इजराइल का रिश्ता

लेख में कहा गया है कि भारत और इजराइल दोनों ने कठिन ऐतिहासिक दौर के बाद आधुनिक राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाई। दोनों देशों को अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा चुनौतियों और आतंकवाद से निपटना पड़ा है। भारत में कोच्चि, मुंबई और अन्य स्थानों पर यहूदी समुदाय सदियों से भारतीय समाज का हिस्सा रहा है। इसे दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक जुड़ाव की एक महत्वपूर्ण कड़ी बताया गया है। रक्षा, कृषि, जल प्रबंधन, साइबर सुरक्षा और तकनीक जैसे क्षेत्रों में सहयोग इसी भरोसे की बुनियाद पर आगे बढ़ा है। लेख का तर्क है कि दोनों देशों के बीच समझौते इस विश्वास के बाद आए, न कि विश्वास समझौतों की वजह से बना। भारत और इजराइल के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध वर्ष 1992 में स्थापित हुए थे। लेख के अनुसार, मोदी सरकार के आने से पहले भी दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग जारी रहा। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में इस साझेदारी को अधिक सार्वजनिक पहचान मिली और इसकी गति तेज हुई।

केश्म द्वीप पर अमेरिकी हमले बाद ईरान की खुली चेतावनी

'अब युद्ध खत्म करने का वक्त और शर्तें सिर्फ हम तय करेंगे'

डेली आवाज भारती

तेहरान। ईरान और अमेरिका के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ता दिखाई दे रहा है। ईरान के सरकारी प्रसारक आईआरआईबी ने होर्मोजगान प्रांत के एक अधिकारी के हवाले से बताया कि शनिवार सुबह अमेरिका ने क़ेश्म द्वीप के पास दो मछली पकड़ने वाली नौकाओं को निशाना बनाया। अधिकारियों के मुताबिक, घटना के समय नौकाओं पर चार लोग सवार थे। शुरुआती जानकारी में दो मछुआरों के लापता होने और एक के घायल होने की बात कही गई थी। अमेरिका ने तत्काल इस हमले की पुष्टि नहीं की। शुरुआती रिपोर्टों के बाद क़ेश्म के मछुआरा समुदाय के प्रमुख अली इस्लामी रामचाही ने बताया कि लापता दोनों मछुआरे मिल

गए हैं और वापस लौट रहे हैं। उनके अनुसार, महमूद पंजेह और उनका बेटा सुरक्षित मिले। वहीं, मेहरजाद पंजेह के दोनों पैरों में चोट आई, जबकि उनके भाई मेहरान को समुद्र में मौजूद अन्य नौकाओं ने बचाया। हालांकि, हमले के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराने का दावा अभी ईरानी पक्ष की ओर से किया गया है। वाशिंगटन की ओर से इसकी स्वतंत्र पुष्टि या विस्तृत प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इस घटनाक्रम के बीच ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई ने देश के शीर्ष सैन्य कमांडरों के साथ बैठक में सशस्त्र बलों को किसी भी संभावित दुश्मन के खतरे का तत्काल और प्रभावी जवाब देने का निर्देश दिया। ईरानी सरकारी समाचार एजेंसी तस्नीम के मुताबिक, खामेनेई ने कहा कि किसी भी स्तर या प्रकार के खतरे का जवाब बिना भौगोलिक सीमा के दिया जाना चाहिए।

राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में शामिल हुए पीएम मोदी

सरदार पटेल की 151वीं जयंती पर आयोजित हुई भव्य परेड

डेली आवाज भारती

एकता नगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गुजरात के नर्मदा जिले के एकता नगर स्थित परेड ग्राउंड में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में शामिल हुए। यह समारोह देश के पहले गृह मंत्री और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया। समारोह के दौरान एकता परेड का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न राज्यों की पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और केंद्रीय पुलिस संगठनों की टुकड़ियों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा सुरक्षा बलों के जवानों ने विभिन्न प्रदर्शन किए और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस वर्ष के समारोह में राष्ट्रीय सुरक्षा में सुरक्षा बलों के योगदान और सशस्त्र वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ उनकी

भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। परेड में नौ राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 16 मार्चिंग टुकड़ियों के साथ चार केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) और एक मार्चिंग बैंड ने हिस्सा लिया। परेड के प्रमुख आकर्षणों में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) की 'हेल मार्च' टुकड़ी, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के पुरुष एवं महिला जवानों का मोटरसाइकिल पर साहसिक प्रदर्शन तथा बीएसएफ की ओर से विभिन्न भारतीय मार्शल आर्ट का संयुक्त प्रदर्शन शामिल रहा। इसके अलावा स्कूली बच्चों की ओर से पाइप बैंड प्रस्तुति और भारतीय वायुसेना का 'सूर्य किरण' फ्लाईपास्ट भी समारोह के प्रमुख आकर्षणों में शामिल रहा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई।

इस साल के समारोह में 'नक्सल मुक्त भारत' की थीम को विशेष महत्व दिया गया। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार, परेड में उन पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की टुकड़ियों को शामिल किया गया, जिन्होंने वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ अभियानों में अग्रिम मोर्चे पर भूमिका निभाई है। इन टुकड़ियों के प्रधानमंत्री के सामने से गुजरने के दौरान उनके कार्यों और उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्में भी दिखाई गईं। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की ओर से 'नक्सल मुक्त भारत' विषय पर एक नाट्य प्रस्तुति भी आयोजित की गई।

अगली अकाली दल सरकार खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों पर सभी टैक्सों को माफ करेगी : सुखबीर सिंह बादल

- व्यापारियों और उद्योगपत्तियों के साथ बेहद प्रभावी मीटिंग आयोजित की

डेली आवाज भारती

समराला/सुकून महाजनः शिरोमणी अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने आज कहा है कि अगली अकाली दल सरकार खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों पर सभी टैक्सों को माफ करेगी और प्रदूषण रहित उद्योगों के मामले में मिक्स लैंड यूज की अनुमति देगा। अकाली दल अध्यक्ष ने पार्टी हलका इंचार्ज परमजीत सिंह ि ल्लों के साथ व्यापारियों और उद्योगपत्तियों के साथ बातचीत की और कहा कि समराला में मक्का, आलू, मटर के खाद्य प्रसंस्करण की काफी

संभावनाएं हैं और कहा कि इस हलके में इस उद्योग के लिए निर्धारित 56 एके प्लाट पर खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां शुरू की जाएंगी। सरदार सुखबीर बादल स्थानीय उद्योग जगत की मांग का जवाब दे रहे थे कि भले ही एक खाद्य प्रसंस्कर क्लसटर को मंजूरी मिल जाने और उदघाटन के बावजूद इस पर कोई उद्योग स्थापित नही किया गया है। उन्होने यह भी घोषणा की कि अगली अकाली दल सरकार खेती मशीनरी और विशेष मशीनरी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने और राजपुरा की तर्ज पर क्षेत्र का विकास करने के लिए समराला में एक फोकल प्वाइंट स्थापित करेगी। उन्होने यह भी घोषणा की कि सभी प्रदूषण रहित उद्योगों के लिए मिक्स लैंड यूज की अनुमति दी जाएगी। ओ तिया एसोसिएशन के आलमजीत सिंह और अरविंदर सिंह विक्की ने अकाली दल अध्यक्ष के संज्ञान में लाए कि खाद्यान्न की खरीद के लिए ओ तियों को 2.5 फीसदी कमीशन वापिस लेने के कारण उन्हें भारी नुकसान का सामना करना पे रहा है। उन्होने ओ तियों को अनाज के परिवहन के लिए टेंडर दिए जाने और धान में नमी की मात्रा के मानदंडों में ेल दिए जाने और टूटे हुए चावल की मात्रा में छूट दी जाने की मांग की है। एसोसिएशन के सदस्यों की बात धैर्यपूर्वक सुनते हुए सरदार बादल ने आश्वासन दिया कि अगली अकाली दल सरकार खाद्यान्न खरीद पर 2.5 फीसदी कमीशन की उनकी मांग का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके अलावा उनकी अन्य सभी मांगों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। व्यापार संघ के पवनजोत सिंह रायत ने बताया कि कारोबारियों को जीएसटी रिफंड नही मिल रहा है। अन्य उद्योगपत्तियों ने बताया कि जीएसटी इंस्पेक्टरों द्वारा उन्हें परेशान किया जा रहा है, जो आम आदमी पार्टी के रिश्वत वसूली एजेंटों की तरह काम कर रहे हैं। सरदार बादल ने बताया कि अकाली दल के कार्यकाल में ये रिटर्न तत्काल दे दिए जाते थे।

कर्नाटक के 2,459 करोड़ रुपए के पोंजी घोटाले में ईडी का एक्शन, 427 करोड़ की संपत्ति कुर्क

डेली आवाज भारती

बेंगलुरु,। कर्नाटक के मंगलुरु स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिवानंद सिद्धप्पा नीलन्नवर और उनके सहयोगियों की 427.16 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। यह कार्रवाई कर्नाटक के बेलगावी क्षेत्र में मुख्य रूप से 35,000 से अधिक निवेशकों से 2,459.49 करोड़ रुपए की पोंजी निवेश घोटाले से संबंधित है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत की गई है। जब्त की गई संपत्तियों में बैंक बैलेंस, फिक्स्ड डिपॉजिट, शेयर, बंगले, कृषि भूमि, आवासीय संपत्तियां और अन्य अचल संपत्ति निवेश शामिल हैं। शनिवार को जारी ईडी की प्रेस बयान के अनुसार,

आरोपियों ने शिवम एसोसिएट्स और अन्य संबद्ध संस्थाओं के माध्यम से एक निवेश धोखाधड़ी योजना चलाई, जिसमें निवेशकों को प्रति माह 3 प्रतिशत का असाधारण रूप से उच्च रिटर्न और नए निवेशकों को लाने पर 0.5 प्रतिशत का अतिरिक्त रेफरल कमीशन देने का वादा किया गया था। बताया जाता है कि यह योजना 'रेफरल एजेंटों' (जिन्हें 'लीडर' कहा जाता था) के एक नेटवर्क पर टिकी थी। इन एजेंटों को पक्का और आकर्षक रिटर्न देने का वादा करके और अधिक निवेशकों को जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाता था।

माई भागों की फौज पंजाब से 'चिटटा' का सफाया कर देगीः बीबा हरसिमरत कौर बादल

डेली आवाज भारती

तपा मंडी। शिरोमणी अकाली दल की वरिष्ठ नेता एवं बठिंडा सांसद बीबा हरसिमरत कौर बादल ने आज कहा है कि पंजाब की महिलाएं पंजाब से 'चिटटा' का सफाया करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और अकाली दल की 'माई भागो की फौज' आने वाले दिनों में इसे साकार करेगी। हलका इंचार्ज सतनाम सिंह राही के साथ महिलाओं की एक प्रभावशाली सभा को संबोधित करते हुए बीबा हरसिमरत कौर बादल ने कहा,'' आम आदमी पार्टी के संरक्षण में पंजाब में 'चिटटा' जंगल की आग की तरह फैल रहा है। यह सच्चाई है कि

मुख्यमंत्री भगवंत मान नशे की पीं तों और उनके परिवारों को दबाने पर आमादा हैं, जैसा कि हाल ही में मानसा में देखा गया, इससे साफ पता चलता है कि मुख्यमंत्री की सहानुभूति पीं तों के बजाय ड्रग डीलरों के साथ है।'' यह कहते हुए कि आम आदमी पार्टी के पांच सालों के कार्यकाल में राज्य के हर गांव और मोहल्ले में नशे का प्रसार हुआ है , बीबा हरसिमरत कौर बादल ने कहा,'' यह मौजूदा राजनेता-पुलिस गठजो के कारण हुआ है।'' बठिंडा

सांसद ने 'माई भागो दी फौज'' से इस गठजो को तो ने की दिशा में काम करने का आग्रह करते हुए कहा,'' मैं आपसे जत्था बनाकर ड्रग का कारोबार करने वालों और उन्हें संरक्षण देने वालों के नाम नोट करने की अपील करती हूं, जिनमें आप पार्टी के नेता और पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं।

लोकसभा स्पीकर से मानसा एस.एस.पी वैभव चैधरी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही शुरू करने का आग्रहः बीबा हरसिमरत कौर बादल

चंडीगढ़। शिरोमणी अकाली दल की वरिष्ठ नेता एवं बठिंडा सांसद बीबा हरसिमरत कौर बादल ने आज लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मानसा एसएसपी वैभव चैधरी के खिलाफ सांसद के रूप में उनके कर्तव्यों के निर्वहन में बाधा डालने और और नशे पीि त के शव का जबरदस्ती अपहरण पर उनकी गंभीर चिंताओं को तुछ समझने के लिए विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना शुरू करने का अनुरोध किया है। बठिंडा सांसद ने आज विधानसभा अध्यक्ष को नियम 223 के तहत औपचारिक रूप से नोटिस प्रस्तुत किया और विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना का सवाल उठाने के लिए उनकी सहमति मांगी। उन्होने दलजीत सिंह के शव को पुलिस द्वारा बल का प्रयोग करके शोक संतप्त परिवार से दलजीत सिंह के शव को छीनने के पूरे मामले के बारे पंजाब सरकार से एक रिपोर्ट तलब करने की मांग की। उन्होने मामले से संबंधित सभी रिकॉर्ड तलब करने की मांग की है। उन्होने मामले से संबंधित सभी रिकॉर्ड तलब करने, जिसमें संबंधित एफआईआर, जांच और पोस्टमार्टम रिकॉर्ड के साथ-साथ दलजीत के पिता जरनैल सिंह का पता मंगवाने की मांग की, जिन्हें मानसा पुलिस ने हिरासत में लिया था। बीबा हरसिमरत कौर बादल ने 29 अक्टूबर को एसएसपी वैभव चैधरी के साथ हुई बातचीत की रिकॉर्डिंग स्पीकर को सौंपते हुए कहा कि इससे अधिकारी के कर्तव्य के प्रति लापरवाही के साथ-साथ मामले के तथ्यों का पता लगाने और जिम्मेदारी से शिकायत को आगे ब ाने के अवसर न देने के प्रयासों का स्पष्ट प्रमाण मिलता है। उन्होने बताया कि पुलिस अधिकारी के साथ उनकी बातचीत के दौरान पुलिस अधिकारी ने बार-बार उन्हें टोका और उनके बयान को दो बार'' गलत कहानी'' बताया और साथ ही उन्हें '' गुमराह'' किया और उनकी चिंताओं को ''अनुचित'' करार दिया।

CMYK

page 2_Layout 1 31-10-2026 19:38 Page 1

हिसार रोडवेज में अनिश्चितकालीन चक्का जाम शुरू, 260 बसों का संचालन ठप; यात्रियों की बढ़ी परेशानी

डेली आवाज भारती

हिसार। हरियाणा रोडवेज के हिसार डिपो में शनिवार सुबह चार बजे से रोडवेज कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। सांझा संघर्ष समिति के बैनर तले कर्मचारी पिछले 40 दिनों से अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। शुक्रवार शाम को प्रशासन के साथ हुई वार्ता विफल होने के बाद कर्मचारियों ने आंदोलन को अनिश्चितकालीन करने का फैसला लिया। चक्का जाम के चलते हिसार और हांसी डिपो की करीब 260 बसों का संचालन प्रभावित हुआ है। शनिवार तड़के चार बजे से ही रोडवेज कर्मचारी डिपो के मुख्य गेट पर पहुंच गए और मोर्चा संभाल लिया। कर्मचारियों ने बसों को बाहर निकलने से रोक दिया, जिसके चलते बसों का संचालन पूरी तरह ठप हो गया। सुबह चंडीगढ़ जाने वाली बस को भी कर्मचारियों ने वर्कशॉप और बस स्टैंड से बाहर नहीं निकलने दिया। कर्मचारियों के आंदोलन के कारण सुबह से ही यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों की मुख्य मांगों में रात्रि ठहराव भत्ता, टीए (यात्रा भत्ता) और ओवरटाइम का भुगतान शामिल है। कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से इन मांगों को लेकर आवाज उठा रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है। इसी के विरोध में सांझा संघर्ष समिति के नेतृत्व में कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन चक्का जाम करने का निर्णय लिया है।

इससे पहले शुक्रवार शाम को एसडीएम ज्योति मित्तल की अध्यक्षता में रोडवेज यूनियन के प्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच वार्ता हुई थी। हालांकि, यह बैठक बेनतीजा रही। कर्मचारियों और प्रशासन के बीच मांगों को लेकर सहमति नहीं बन पाई। वार्ता विफल होने के बाद यूनियन ने अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार सुबह चार बजे से चक्का जाम और धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया।

वहीं, रोडवेज प्रशासन बसों का संचालन दोबारा शुरू करवाने के प्रयास में जुटा है। हिसार डिपो के महाप्रबंधक (जीएम) राहुल मित्तल ने बताया कि प्रशासन लगातार स्थिति सामान्य करने का प्रयास कर रहा है। यात्रियों को हो रही असुविधा को देखते हुए उच्च अधिकारियों और जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर बातचीत की जा रही है। कर्मचारियों ने मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया है। ऐसे में हिसार और हांसी से बसों में सफर करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

भाजपा छोड़ शिरोमणि अकाली दल में शामिल हुए पूर्व मंडल अध्यक्ष दविंदर सिंह बरमी

डेली आवाज भारती

रविंदर सिंह खेड़ा के नेतृत्व में पार्टी में किया गया स्वागत, बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प

खरड़/सनदीप कालगढ़िया (हरतेज सिंह तेजी) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व मंडल अध्यक्ष दविंदर सिंह बरमी ने भाजपा छोड़कर शिरोमणि अकाली दल का दामन थाम लिया है। शिरोमणि अकाली दल के हलका खरड़ प्रभारी रविंदर सिंह खेड़ा ने उन्हें विधिवत पार्टी में शामिल करवाया और उनका स्वागत किया। इस अवसर पर दविंदर सिंह बरमी ने कहा कि वह शिरोमणि अकाली दल की नीतियों और विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि वह संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर दिन-रात मेहनत की जाएगी। इस मौके पर हलका खरड़ प्रभारी रविंदर सिंह खेड़ा ने कहा कि शिरोमणि अकाली दल में शामिल होने वाले प्रत्येक नेता और कार्यकर्ता को पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए नए और पुराने साथियों को साथ लेकर कार्य किया जाएगा। खेड़ा ने दविंदर सिंह बरमी का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि उनके राजनीतिक अनुभव और सहयोग से क्षेत्र में पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता और आपसी तालमेल से संगठन को और अधिक सक्रिय बनाया जाएगा। इस अवसर पर शहरी अध्यक्ष पटवारी बलविंदर सिंह, करनैल सिंह मावी सहित पार्टी के अन्य नेता एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

नितिन नवीन जाएंगे हरियाणा, रोहतक में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में होंगे शामिल

डेली आवाज भारती

रोहतक। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन रविवार को हरियाणा के रोहतक में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे। यह पदयात्रा विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे झूठ और अराजकता का मुकाबला करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। यह पदयात्रा भाजपा के राष्ट्रव्यापी अभियान 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' का हिस्सा है, जिसे विपक्ष की गलत सूचना, दुष्प्रचार और सुनियोजित अराजकता का जवाब देने के लिए शुरू किया गया है। पदयात्रा रविवार सुबह 11 बजे रोहतक के छोटूराम पॉलीटेक्निक कॉलेज ग्राउंड से शुरू होगी और मॉडल टाउन के डी-पार्क में समाप्त होगी। पदयात्रा के समापन पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी-पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। भाजपा की यह पहल केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम से कहीं अधिक है, यह विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे झूठ, साजिशों और अशांति के खिलाफ एक वैचारिक आंदोलन है। 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' के संकल्प से प्रेरित होकर भाजपा का हर कार्यकर्ता हर गांव और हर घर तक पहुंच रहा है, ताकि विपक्ष के झूठे नैरेटिव को ध्वस्त किया जा सके और सीधे जनता तक सच पहुंचाया जा सके। इस महत्वपूर्ण पदयात्रा में रविवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, पार्टी का वरिष्ठ नेतृत्व, हजारों समर्पित पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। भाजपा ने 28 अक्टूबर को नई दिल्ली के चांदनी चौक में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा निकाला था। इस पदयात्रा का नेतृत्व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने किया था। बता दें कि पंजाब में कानून-व्यवस्था को लेकर इस समय गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं। राज्य में बढ़ती आपराधिक घटनाओं, नशीली दवाओं (ड्रग्स) के कारोबार और संगठित अपराध को लेकर विपक्षी दलों ने आम आदमी पार्टी की भगवंत मान सरकार पर तीखा हमला बोला है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, स्वयं भी दौड़ में लिया भाग

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए प्रदेशवासियों से विकसित हरियाणा के साथ-साथ सशक्त और एकजुट भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से अपील की कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी संदेश को आगे साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच अवश्य करें तथा अफवाहों और भेदभाव को बे ावा देने वाली बातों से बचें। उन्होंने कहा कि युवाओं के छोटे-छोटे जिम्मेदार कदम समाज में विश्वास और सद्भाव को बढ़ावा दे सकते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में एचएसवीपी शिवालिक कंट्री क्लब, एमडीसी, सेक्टर-1, पंचकूला में आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने हरी झंडी दिखाकर दौ को रवाना किया। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन पर पुष्प वर्षा की और स्वयं भी 'रन फॉर यूनिटी' में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देशभक्ति के उत्साह और भारत की एकता के प्रति सामूहिक संकल्प के साथ आयोजित इस दौ का संदेश पूरे देश में जाएगा कि हम सब एक हैं और भारत की एकता एवं अखंडता को सदैव अक्षुण्ण रखेंगे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि आजादी के समय भारत के सामने अनेक चुनौतियां थीं। देश विभाजन की पी ा से गुजर रहा था और सैके ों रियासतों को एक राष्ट्र के सूत्र में पिरोने का कठिन दायित्व सामने था। स्वतंत्र भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री के रूप में सरदार पटेल ने अपनी दूरदृष्टि, संवाद कौशल और दृ इच्छाशक्ति से 560 से अधिक रियासतों के एकीकरण में निर्णायक भूमिका निभाई। उन्होंने आधुनिक भारत की एकता और अखंडता की मजबूत नींव रखी। उनका जीवन हमें सिखाता है कि यदि संकल्प दृ हो, नीयत साफ हो और राष्ट्रहित सर्वोपरि हो, तो असंभव दिखने वाले लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जनसेवा, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की विरासत को अपने आचरण में उतारने का आह्वान करते हुए कहा कि हमारी भाषाएं, पहनावे और परंपराएं अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन हमारा संविधान, हमारा तिरंगा और हमारी राष्ट्रीय पहचान हमें एक सूत्र में बांधते हैं।

अकाली दल वारिस पंजाब के नेता मुंधों ने गांव भगत माजरा में की बैठक

डेली आवाज भारती

माजरी, संदीप अकालगढ़िया। अकाली दल वारिस पंजाब संगठन की ओर से विधानसभा हलका खरड़ से उम्मीदवार के दावेदार स. हरजिंदर सिंह मुंधों के नेतृत्व में गांव भगत माजरा में बैठक की गई। इस दौरान महिला विंग की वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीबी मनजीत कौर विशेष रूप से पहुंचीं। बैठक में गांव निवासियों के एकत्रित हुए समूह को संबोधित करते हुए बीबी मनजीत कौर ने कहा कि पारंपरिक राजनीतिक पार्टियों के नेताओं की पृष्ठभूमि अमीर रही है और वे अपने कारोबारों के लिए राजनीति का इस्तेमाल करते रहे हैं। वहीं, अकाली दल वारिस पंजाब के भाई अमृतपाल सिंह की नशों के खिलाफ मुहिम पंजाब के दर्द से उपजी है। इसलिए उन्होंने लोगों से अपनी समस्याओं के समाधान और सुंदर पंजाब की सोच को साकार करने के लिए पार्टी की सरकार बनाने की अपील की। स. हरजिंदर सिंह मुंधों ने विश्वास दिलाया कि अब तक अनदेखे रहे हलका खरड़ को नशामुक्त करेंगे और इसकी नई तस्वीर बदलेंगे। इसी दौरान जिला यूथ प्रधान स. हरजिंदर सिंह देसू माजरा, गुरमीत सिंह शांटू, भगत सिंह भगत माजरा, रविंदर सिंह बजिदपुर और कुलवंत सिंह संगतपुरा सहित अन्य नेताओं ने भी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाई अमृतपाल सिंह खालसा जी की सोच के अनुसार पंजाब के युवाओं को नशों से दूर रखना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने मावां-धीयां सत्कार योजना के पंजीकरण में निभाई अहम भूमिका: दलवीर सिंह ढिल्लों

- महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण समाज की प्रगति के लिए जरूरी: डॉ. अनवर भसौड़

डेली आवाज भारती

धूरी, मोहिंदर सिंह, मुख्यमंत्री मावां-धीयां सत्कार योजना की पंजीकरण प्रक्रिया में सराहनीय योगदान देने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के सम्मान और उनके प्रति आभार व्यक्त करने के लिए स्थानीय सनातन धर्मशाला, धूरी में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर योजना की पंजीकरण प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए मेहनत, लगन और पूरी निष्ठा से अपनी जिम्मेदारियां निभाने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के योगदान की सराहना की गई। इस अवसर पर पंजाब लघु उद्योग एवं निर्यात निगम के चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री मावां-धीयां सत्कार योजना की पंजीकरण प्रक्रिया को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि इन कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण को मान्यता देते हुए सरकार की ओर से उन्हें विशेष मानदेय दिया जा रहा है, जो दिवाली से पहले सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रदान कर दिया जाएगा। मार्केट कमेटी धूरी के चेयरमैन राजवंत सिंह घुम्ली ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर योजना की जानकारी देने और पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण करवाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि इन कार्यकर्ताओं की मेहनत के चलते सरकार की इस जनकल्याणकारी योजना का लाभ अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंचाने में मदद मिली है। उन्होंने सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी इसी तरह समाज सेवा के कार्यों में योगदान देने की अपील की। वक्फ बोर्ड के सदस्य डॉ. अनवर भसौड़ ने कहा कि महिलाओं का सम्मान करना और उन्हें आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाना समाज की प्रगति के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि मावां-धीयां सत्कार योजना महिलाओं के कल्याण से जुड़ा एक महत्वपूर्ण प्रयास है और इसे लोगों तक पहुंचाने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा निभाई गई जिम्मेदारी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे समारोह कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने के साथ-साथ समाज के प्रति उनके योगदान को मान्यता देने का भी अच्छा अवसर हैं। नगर कौंसिल धूरी की अध्यक्ष अमरजोत कौर बाजवा ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता समाज के हर वर्ग से जुड़ी हुई हैं और सरकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने में अहम कड़ी के रूप में काम करती हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मावां-धीयां सत्कार योजना के पंजीकरण के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा दिखाई गई मेहनत, जिम्मेदारी और समर्पण सराहनीय है। उन्होंने सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी सेवाओं और योगदान की सराहना करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

गुरुद्वारा गढ़ी भौरखा साहिब, माजरी ब्लॉक में भाई बेअंत सिंह मलोआ का शहीदी दिवस मनाया गया

डेली आवाज भारती

माजरी, संदीप अकालगढ़िया। गुरुद्वारा गढ़ी भौरखा साहिब, माजरी ब्लॉक में भाई बेअंत सिंह मलोआ की याद में शहीदी दिवस मनाया गया। इस संबंध में गुरबाणी के पाठ किए गए। इसके उपरांत भाई हरजीत सिंह हरमन और रविंदर सिंह बजिदपुर ने संगत को भाई बेअंत सिंह की शहादत के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जालिम सत्ता के मोह में अपनी ही जनता को मारता है। फिर स्वाभिमानी और धर्मपरायण व्यक्ति इस जुल्म को रोकने के लिए कुर्बानी देता है। इस अवसर पर गुरमीत सिंह शांटू, हरजिंदर सिंह मुंधों, भगत सिंह भगत माजरा, जगदेव सिंह मलोआ, मनदीप सिंह खिजराबाद, दर्शन सिंह खेड़ा, कुलवंत सिंह संगतपुरा, राम सिंह अभिपुर, सरबजीत सिंह संगतपुरा, सुरिंदर सिंह टपरियां, कुलविंदर सिंह कंसाला, मान सिंह झिंगड़ां सहित अन्य नेताओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

'बेरहमी से मारा गया...', पंचकूला के एक स्कूल में 6 वर्ष की बच्ची से मारपीट पर बोले परिजन

डेली आवाज भारती

पंचकूला। हरियाणा के पंचकूला से हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जिससे गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। एक सरकारी स्कूल में 8 वर्ष के छात्र ने 6 वर्ष की बच्ची के साथ कथित मारपीट की है। जिसके लेकर बच्ची के चाचा फैसल ने पत्रकारों के घटना के बारे में बातचीत की है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए बच्ची के चाचा फैसल ने कहा, ÷शिक्षकों के अनुसार, कुछ स्टाफ सदस्यों की सरकारी ड्यूटी कहीं और लगी हुई थी। इस वजह से, दो-तीन कक्षाओं को मिलाकर एक ही शिक्षक के भरोसे छोड़ दिया गया था। प्रिंसिपल की ड्यूटी का समय दोपहर 3 बजे खत्म हो गया था, और यह घटना दोपहर 3 बजे से 3ः15 बजे के बीच हुई। प्रिंसिपल के कमरे में लगे सीसीटीवी कैमरों से यह देखा जा सकता है कि कौन कहां और कैसे आ-जा रहा है। लेकिन, उस कमरे में कोई मौजूद नहीं था क्योंकि प्रिंसिपल जा चुके थे। फैसल ने कहा, अगर कोई ऑफिस में बैठा होता और उसने लड़के को बच्ची को ऊपर ले जाते हुए देख लिया होता, तो शायद यह घटना न होती। ऊपर की कक्षाएं पहले ही बंद कर दी गई थीं। वह हमेशा की तरह सुबह स्कूल गई थी। कोई दिक्कत या लड़ाई-झगड़ा नहीं हुआ था। जब स्कूल की छुट्टी हुई, तो हमारा ऑटो ड्राइवर उसे लेने गया, लेकिन वह वहां नहीं मिली। स्कूल के स्टाफ ने उसे बताया कि बच्ची गायब है। वह घर वापस आया और मेरे भाई को बताया, जो तुरंत स्कूल पहुंच गया। फैसल ने कहा, जब मेरा भाई वहां पहुंचा, तो उसे बच्ची कहीं नहीं दिखी। जिस लड़के ने बच्ची के साथ मारपीट की थी, उसने मेरे भाई को बताया कि वह ऊपर है और वहीं पड़ी है। जब मेरा भाई ऊपर गया और उसने बच्ची को देखा, तो वह बेहोश हो गया। कमरे में हर जगह खून ही खून था। बच्ची को बेरहमी से मारा गया है। उसको इस तरह से मारा गया है कि किसी जानवर को भी नहीं मारते।

ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने हरियाणा स्थापना दिवस पर 'वर्ल्ड आइडियाज फोरम' की घोषणा की

डेली आवाज भारती



सोनीपत। हरियाणा के गठन की 60वीं वर्षगांठ के अवसर पर हरियाणा की पहली और एकमात्र ÷इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस÷ ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (जेजीयू) ने अपने पहले वर्ल्ड आइडियाज फोरम के शुभारंभ की घोषणा की है। यह फोरम 23 से 25 जनवरी 2027 तक सोनीपत स्थित विश्वविद्यालय परिसर में ÷वियर द वर्ल्ड आईडिया मीट÷ (जहां दुनिया के विचार मिलते हैं) थीम के साथ आयोजित होगा। एक वार्षिक वैश्विक सम्मेलन के रूप में परिकल्पित यह फोरम सार्वजनिक जीवन, विश्वविद्यालयों, उद्योग, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कला और नागरिक समाज के नेताओं को एक मंच पर लाएगा, जहां वे विचारों का आदान-प्रदान करेंगे और हमारे समय की प्रमुख चुनौतियों के समाधान तलाशेंगे। 1 नवंबर 1966 को स्थापित हरियाणा अब अपने सातवें दशक में प्रवेश कर रहा है। ऐसे समय में राज्य के पास अपनी उपलब्धियों को आगे बढ़ाते हुए भविष्य की नई संभावनाओं की कल्पना करने का अवसर है। वर्ल्ड आइडियाज फोरम इसी अगले अध्याय में योगदान देने के लिए जेजीयू की प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य हरियाणा को ज्ञान, रचनात्मकता, अंतरराष्ट्रीय संवाद और बौद्धिक आदान-प्रदान के प्रमुख केंद्र के रूप में मजबूत करना है। इस पहल के केंद्र में सोनीपत के लिए एक महत्वाकांक्षी दृष्टि है–ऐसा शहर जो दुनिया का स्वागत करे और वैश्विक संवादों को दिशा देने में भूमिका निभाए। यह घोषणा हरियाणा के इतिहास के एक महत्वपूर्ण पड़ाव को उसके भविष्य में किए जा रहे निवेश से जोड़ती है। राज्य के 60 वर्ष पूरे होने के अवसर पर जेजीयू यह दिखाना चाहता है कि एक विश्वविद्यालय केवल कक्षाओं तक सीमित नहीं रहता, बल्कि विविध दृष्टिकोणों को एक मंच पर लाकर, सहयोग को बढ़ावा देकर और ऐसा सार्वजनिक मंच तैयार कर सकता है, जहां विचार संस्थाओं, नीतियों और समाज को प्रभावित करें। ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के संस्थापक कुलाधिपति एवं संरक्षक नवीन जिंदल ने कहा, हरियाणा की 60वीं वर्षगांठ उसके लोगों की उद्यमशीलता, दृढ़ संकल्प और आकांक्षाओं का उत्सव मनाने का अवसर है। साथ ही यह भविष्य के लिए नए संकल्प लेने का भी समय है। कृषि, उद्योग और खेलों में राज्य की अग्रणी भूमिका उसे शिक्षा, नवाचार और ज्ञान के वैश्विक केंद्र के रूप में आगे बढ़ने की मजबूत नींव देती है। उन्होंने कहा, ÷हमने इस विश्वास के साथ ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी की स्थापना की थी कि हरियाणा में विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय भारत के लिए नए अवसर पैदा करेगा और दुनिया के साथ गहरा जुड़ाव स्थापित करेगा।

CMYK

page 3_Layout 1 31-10-2026 18:03 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, संगरूर ›› रविवार , 1 नवम्बर 2026

सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर भाभी की हत्या, अगले महीने होनी थी छोटे बेटे की शादी

खरड़ के गांव मामूपुर में वारदात, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी पर हत्या का आरोप, शादी की खुशियां मातम में बदलीं

डेली आवाज भारती

खरड़। (हरतेज सिंह तेजी) गांव मामूपुर में शुक्रवार तड़के एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी ने कथित तौर पर अपनी 70 वर्षीय बड़ी भाभी करनैल कौर के सिर पर कुल्हाड़ी से कई वार कर उनकी हत्या कर दी। इस दर्दनाक घटना से पूरे परिवार में मातम छा गया। मृतका के छोटे बेटे की अगले महीने शादी होनी थी और घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी।

थाना घड़ूआं के एसएचओ बलविंदर सिंह ने बताया कि मृतका के बड़े बेटे हरतेज सिंह ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उनका परिवार अपनी जमीन पर मकान बनाकर रहता है। उनके घर के पास ही उनके चाचा मोखम सिंह का मकान है, जो पंजाब पुलिस में थानेदार के पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। हरतेज सिंह के अनुसार, उनके चाचा मोखम सिंह पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहे थे। इसी कारण परिवार के सदस्यों ने उन्हें पिछली रात पास के मकान के एक कमरे में बंद कर दिया था। शुक्रवार तड़के करीब दो बजे मोखम सिंह ने कथित तौर पर कुल्हाड़ी से दरवाजा तोड़ दिया और बाहर निकल आए। दरवाजा टूटने की आवाज सुनकर परिवार के अन्य सदस्यों ने अपने कमरों के दरवाजे नहीं खोले। इसी दौरान उनकी माता करनैल कौर शोर सुनकर दूसरे कमरे से बाहर निकलीं। आरोप है कि मोखम सिंह ने अचानक उन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया और उनके सिर पर कई वार किए, जिससे उनकी मौत हो गई।घटना के बाद आरोपी के बेटों ने मौके पर पहुंचकर उसे एक कमरे में बंद कर दिया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर थाना घड़ूआं पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को काबू कर लिया। जिस घर में बजनी थी शहनाई, वहां पसरा मातम मृतका के छोटे बेटे इकबाल सिंह ने बताया कि अगले महीने उसकी शादी तय थी। पूरा परिवार शादी की तैयारियों में जुटा हुआ था और घर में खुशी का माहौल था। लेकिन इस घटना ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। इकबाल सिंह ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि जिस घर में अगले महीने शादी की शहनाइयां बजनी थीं, वहां अब मातम पसरा हुआ है। परिवार के सदस्य इस घटना से गहरे सदमे में हैं।

आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने दर्ज किया मामला

थाना घड़ूआं के एसएचओ बलविंदर सिंह ने बताया कि आरोपी मोखम सिंह को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने घटना से संबंधित आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि मृतका करनैल कौर के शव का सिविल अस्पताल खरड़ में पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

बीएसएफ ने सर्च आप्रेशन दौरान किसान के खेत से बरामद किया ड्रोन

- अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएसएफ के अधिकारी के बयान पर मामला दर्ज

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): बीएसएफ की 50 बटालियन के जवानों ने बीते दिन बीओपी डीआरडी नाथ क्षेत्र के गांव चक्क शिकारगाह में सर्च आप्रेशन चलाकर एक किसान के खेतों में से ड्रोन बरामद किया है। उक्त मामलें में पुलिस ने बीएसएफ अधिकारी के बयान पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ ऐयर क्राफ्ट एक्ट की धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना लक्खोके बहराम के एएसआई महिन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में इंस्पैक्टर बिजली यादव ई-कंपनी कमांडर 50 बटालियन बीएसएफ बीओपी डीआरडी नाथ ने बताया कि बीएसएफ के जवानों ने बीते दिन सर्च आप्रेशन चलाकर किसान गुरमेल सिंह पुत्र बख्शीश सिंह वासी चक्क शिकारगाह के खेतों में से 1 ड्रोन डीजेआई समेत बैटरी बरामद किया है। मामले की जांच कर रहे महिन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त ड्रोन अपने कब्जे में लेकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

विधायक नरिंदर कौर भराज ने बालद खुर्द और रामपुरा में लगभग 1.56 करोड़ रुपये की लागत वाले भूमिगत पाइपलाइन प्रोजेक्टों के कार्य की शुरुआत करवाई

- 1,365 एकड़ क्षेत्र को मिलेगी सिंचाई सुविधा; 97 किसान परिवारों को होगा सीधा लाभ
- पानी की बचत और खेतों तक पानी की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने में सहायक होंगे दोनों प्रोजेक्टः नरिंदर कौर भराज

डेली आवाज भारती

भवानीगढ़, मोहिंदर सिंह, विधानसभा हलका संगरूर के किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध करवाने और पानी के उचित उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विधायक नरिंदर कौर भराज ने आज गांव बालद खुर्द और रामपुरा में भूमिगत पाइपलाइन बिछाने के दो विकास कार्यों की शुरुआत करवाई। लगभग 1 करोड़ 56 लाख रुपये की लागत से पूरे होने वाले इन प्रोजेक्टों के माध्यम से कुल 1,365 एकड़ क्षेत्र को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और 97 किसान परिवारों को सीधा लाभ पहुंचेगा। इस अवसर पर विधायक नरिंदर कौर भराज ने कहा कि खेती के लिए समय पर पानी की उपलब्धता किसानों की एक महत्वपूर्ण जरूरत है। भूमिगत पाइपलाइन बिछाए जाने से खेतों तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था बेहतर होगी और पानी की बचत को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि ये प्रोजेक्ट किसानों की सिंचाई संबंधी परेशानियों को कम करने और कृषि कार्यों को आसान बनाने में सहायक होंगे। उन्होंने कहा कि पानी एक अनमोल प्राकृतिक संसाधन है और इसका संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सिंचाई के लिए उचित बुनियादी ढांचा विकसित करके पानी की बर्बादी कम करने के साथ-साथ किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकती हैं। बालद खुर्द और रामपुरा में शुरू किए गए ये दोनों कार्य इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार गांवों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और किसानों की जरूरतों के अनुसार विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के गांवों में लोगों के साथ सीधा संपर्क रखते हुए उनकी समस्याओं और स्थानीय जरूरतों के आधार पर विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। नरिंदर कौर भराज ने किसानों से पानी के संरक्षण में सक्रिय योगदान देने की अपील करते हुए कहा कि सिंचाई सुविधाओं का उचित उपयोग करके इन प्रोजेक्टों का अधिक से अधिक लाभ उठाया जा सकता है।

गुरुहरसहाय पुलिस ने 2 ग्राम हेरोइन सहित 1 को गिरफ्तार किया

- गिरफ्तार व्यक्ति पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार समाज विरोधी अनसरों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर लिंक रोड झावला में बंद पड़े शैलर से 1 व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से हेरोइन बरामद की है। उक्त मामले में पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एस.आई बलदीप सिकंद ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि हरमेश लाल पुत्र चंबा राम वासी बस्ती डेरीयां वाली हेरोइन बेचने का आदि है और आज भी लिंक रोड झावला पर बंद पड़े शैलर के नजदीक खड़ा हेरोइन बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके हरमेश लाल को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामले की जांच कर रहे बलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामले में हरमेश पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

नशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई से संगरूर के लेबर चौक में आया सकारात्मक बदलावः एसएसपी डॉ. रवजोत ग्रेवाल

डेली आवाज भारती

डिप्टी कमिश्नर और एसएसपी ने लेबर चौक का दौरा किया; दुकानदारों और स्थानीय लोगों से बातचीत कर लिया स्थिति का जायजा

संगरूर, मोहिंदर सिंह। नशों से संबंधित गतिविधियों के खिलाफ संगरूर पुलिस की लगातार कार्रवाई और सिविल प्रशासन के साथ संयुक्त प्रयासों के चलते शहर के लेबर चौक में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। पहले नशे का सेवन करने वाले व्यक्तियों के इकट्ठा होने के कारण चर्चा में रहने वाले इस इलाके में अब माहौल बेहतर हुआ है। यह जानकारी एसएसपी संगरूर डॉ. रवजोत ग्रेवाल ने आज डिप्टी कमिश्नर संगरूर के साथ लेबर चौक का दौरा कर स्थिति का जायजा लेने के दौरान दी। दौरे के दौरान दोनों अधिकारियों ने आसपास के दुकानदारों और आम लोगों से बातचीत करके इलाके की मौजूदा स्थिति और पुलिस द्वारा उठाए गए कदमों के प्रभाव के बारे में जानकारी हासिल की। दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिस की कार्रवाई और बढ़ी हुई गश्त से इलाके में काफी सुधार आया है। उन्होंने सुरक्षित माहौल बनाने के लिए पुलिस और सिविल प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए उनका धन्यवाद किया। डॉ. रवजोत ग्रेवाल ने बताया कि पिछले दिनों लेबर चौक में की गई जांच के दौरान पुलिस अधिकारियों को नशों से संबंधित गतिविधियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। इन निर्देशों के तहत कई व्यक्तियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की गई। इसके साथ ही निगरानी व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए इलाके में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए और पुलिस की गश्त बढ़ाई गई। एसएसपी ने कहा कि नशों से संबंधित गतिविधियों को रोकने के लिए लगातार निगरानी और समय पर कार्रवाई करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि लेबर चौक में आए सुधार को बरकरार रखने के लिए पुलिस की सतर्कता और गश्त जारी रहेगी।

जीरा पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर 7 ग्राम हेरोइन एवं नशा करने वाला सामान किया बरामद

- गिरफ्तार लोगों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत दर्ज किए मामलें

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सिटी एवं सदर की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान बीते दिन विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 2 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से नशा करने वाला सामान और 7 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना जीरा सिटी के एएसआई निर्मल सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान दोषी अनमोल कुमार पुत्र सुखचैन सिंह वासी घौड़ मुहल्ला जीरा को हेरोइन का नशा करते हुए गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1 सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी, 1 लाईटर और 10 रुपए का नोट बरामद किया है। जबकि दूसरे मामलें संबंधी थाना सदर जीरा के एएसआई गगनप्रीत सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव चब्बा के नजदीक से शक के अधार पर संतोख सिंह पुत्र सुखविन्द्र सिंह वासी गांव चब्बा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 7 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

शांति विद्या मंदिर स्कूल में जेनेसिस इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज रिसर्च एंड अस्पताल ने शिविर आयोजित किया

- डाक्टरों की टीम ने छात्रों को चिकित्सा शिक्षा एवं भविष्य में मेडिकल क्षेत्र में उपलब्ध केरियर संबंधी दी अहम जानकारियां

शांति विद्या मंदिर स्कूल में जेनेसिस इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज रिसर्च एंड अस्पताल की तरफ से आयोजित शिविर में डाक्टर छात्रों के दांतों की जांच करते हुए और शिविर के दौरान डाक्टरों की टीम छात्रों को अहम जानकारियां देते हुए।

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): शांति विद्या मंदिर स्कूल में जेनेसिस इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज रिसर्च एंड अस्पताल के डाक्टरों की टीम ने विशेष रूप से शिविर आयोजित करके स्कूल के विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए उनके दांतों का चेकअप किया। इस दौरान डाक्टरों की टीम ने स्कूल का दौरा किया और स्कूल प्रबंधकों की तरफ से छात्रों को दी जा रही सुविधाओं की प्रशंसा की। इस अवसर पर डाक्टरों की टीम ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं भविष्य में मेडिकल क्षेत्र में उपलब्ध केरियर के अवसरों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। डाक्टरों ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें अपने लक्ष्य निर्धारित करने और मेहनत के साथ आगे बढने के लिए प्रेरित किया। अंत में विद्यालय प्रबंधकों ने जेनेसिस की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया और उन्हें टोकन ऑफ लव देकर इस ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सैशन एवं शिविर की सराहना की।

दो लोगों ने मोबाईल टावर में तौड़-फौड़ कर सुरक्षा कार्ड को मारपीट कर किया जख्मी

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना मक्खू की पुलिस ने बीते दिन गांव मस्तेवाला (मक्खू) में लगे ऐयरटेल के 5जी टॉवर के सामान की तौड़-फौड़ करने और सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट करने वाले 2 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना मक्खू के एएसआई जगदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता गुरप्रीत सिंह पुत्र बलदेव सिंह वासी कामल वाला (आरफके) ने बताया कि जशनप्रीत सिंह मदी पुत्र चरनजीत सिंह वासी गांव फतेहगढ़ पंजतूर मोगा व जशनदीप फौजा पुत्र सुरजीत वासी गांव फतेहगढ़ पंतजूर मोगा ने बीते दिन गांव मस्तेवाला (मक्खू) में लगे ऐयरटेल कंपनी के 5जी टॉवर में सामान की तौड़-फौड़ की एवं सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट की थी।

सैंट राउ दास गुरुकुल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया पंजाब दिवस

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): सैंट राउ दास गुरुकुल स्कूल गोलूका में स्कूल के प्रिंसिपल और मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य श्रीमति प्रसन्नता रानी के नेतृत्व में पंजाब दिवस का त्योहार बड़े उत्साह से मनाया गया। स्कूल में बच्चों ने पंजाब दिवस से संबंधित भाषण और कविताएं प्रस्तुत कीं। पहली कक्षा के विद्यार्थियों ने बहुत अच्छी झांकी प्रस्तुत की और बच्चों ने पंजाबी पोशाक पहनी हुई थी। इस अवसर पर प्रिंसिपल प्रसन्नता रानी ने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा पंजाबी पर गर्व करना चाहिए और अपने पंजाब के इतिहास को याद रखना चाहिए। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पंजाब के इतिहास, संस्कृति, रीति-रिवाजों और पंजाबी मातृभाषा के महत्व के बारे में जानकारी दी और बच्चों ने पंजाब की पारंपरिक पोशाक पहनकर पंजाबी संस्कृति की सुंदर झलक पेश की। शिक्षकों ने बताया कि पंजाब पांच नदियों की धरती है, यह गुरुओं, पीरों, योद्धाओं और शहीदों की पवित्र धरती है। उन्होंने कहा कि पंजाब अपनी मेहमान नवाजी, बहादुरी, मेहनत और जिंदादिली स्वभाव के लिए दुनिया भर में मशहूर है और भांगड़ा, गिद्दा, लोक-गीत, मेले और त्योहार पंजाब की शान हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को अपनी मातृभाषा पंजाबी से जोडना और अपनी समृद्ध विरासत को संरक्षित करने के लिए प्रेरित करना था। अंत में सभी विद्यार्थियों ने पंजाबी भाषा का सम्मान करने और पंजाब की संस्कृति को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

खालसा कॉलेज वेटरनरी में नए विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

- विद्यार्थियों को शैक्षणिक प्रणाली, परीक्षा नियमों और छात्रावास सुविधाओं की दी जानकारी

डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी । खालसा कॉलेज ऑफ वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज में बैचलर ऑफ वेटरनरी साइंस एंड एनिमल हसबैंड्री के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. हरीश कुमार वर्मा के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को कॉलेज की शैक्षणिक प्रणाली, संस्थान की नीतियों और परिसर में उपलब्ध सुविधाओं से परिचित करवाना था। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. वर्मा ने कॉलेज की स्थापना, शैक्षणिक उपलब्धियों, संस्थागत विकास तथा गुणवत्तापूर्ण पशु चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने की प्रतिबद्धता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने वेटरनरी काउंसिल ऑफ इंडिया (वीसीआई) से मान्यता, गुरु अंगद देव वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज यूनिवर्सिटी, लुधियाना से संबद्धता तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) से प्राप्त मान्यता के बारे में भी बताया। कार्यक्रम की शुरुआत में लाइवस्टॉक प्रोडक्शन मैनेजमेंट विभाग के प्रमुख डॉ. अविनाश पांडे ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यार्थियों को अपना शैक्षणिक सफर समर्पण, अनुशासन और पेशे के प्रति प्रतिबद्धता के साथ शुरू करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य वार्डन डॉ. द्विवेदी ने कॉलेज की शैक्षणिक और परीक्षा प्रणाली के बारे में जानकारी दी। उन्होंने आंतरिक एवं बाहरी मूल्यांकन प्रक्रिया, परीक्षाओं की समय-सारणी, उत्तीर्ण होने के मापदंडों तथा शैक्षणिक दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तार से बताया।

मनीषा के वर्ल्ड चैंपियन बनने पर घर में जमकर मना जश्न, मां बोलीं-जोरदार स्वागत करने की है तैयारी

डेली आवाज भारती

जींद। मनीषा भनवाला ने शुक्रवार को इतिहास रचा। वह सीनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनीं। मनीषा के वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद उनके घर में जमकर जश्न मनाया गया। भारतीय महिला रेसलर की मां का कहना है कि बेटी का घर लौटने पर जोरदार स्वागत किया जाएगा। मनीषा की मां मीना देवी ने %आईएएनएस% के साथ खास बातचीत करते हुए कहा, ÷हम मनीषा का मैच फोन पर देख रहे थे। छह मिनट की कुश्ती में वो बहुत तगड़ा खेलती हैं। कुश्ती खेलने के लिए मनीषा का भाई पहले तैयार हुआ था, लेकिन फिर बेटे ने कहा कि अगर मेरी बहन खेलना चाहती है, तो मैं उसको खिलाऊंगा। मनीषा के भाई ने खुद न जाकर अपनी बहन को ट्रेनिंग के लिए आगे भेजा और उनके लिए सारे इंतजाम भी करते हैं।÷ मनीषा की मां ने बताया कि उन्हें शुरुआत से ही कुश्ती के खेल में खास दिलचस्पी थी। उन्होंने कहा, ÷कुश्ती के खेल में मनीषा की शुरुआत से ही रुचि थी। गांव में जब कबड्डी हुआ करती थी, तो मनीषा अपने भाई को खेलते हुए देखने के लिए वहां जाया करती थीं। मनीषा का भाई उन्हें घर छोड़कर आता था, लेकिन वह फिर वहां आ



जाती थी ऐसे करते हुए उनकी धीरे-धीरे इस खेल में रुचि बनती चली गई।÷ मीना देवी ने बताया कि मनीषा का घर लौटने पर जोरदार स्वागत करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि वह चाहती हैं कि मनीषा अब ओलंपिक में भी देश के लिए गोल्ड मेडल लेकर आएं। मनीषा की मां ने कहा कि बेटी ओलंपिक में मेडल जीतकर आए यह उनके पिता का भी सपना था।

मनीषा को रेसलर बनाने के लिए त्याग करने वाले उनके भाई रिंकू ने बहन के वर्ल्ड चैंपियन बनने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, ÷हमारी खुशियों का ठिकाना नहीं है। हम सुबह 4 बजे सोए और खूब जश्न मनाया। हर जगह से फोन आ रहे थे और सभी का पूरा-पूरा सहयोग है। यूडब्ल्यूडब्ल्यू, रेसलिंग फेडरेशन, सरकार और गांव के लोगों का भी पूरा सहयोग है, जिसके कारण यह हो पाया है। पूरे देश का आशीर्वाद उनके साथ था।÷ मनीषा के भाई रिंकू ने बताया कि यह सब उनकी बहन की कड़ी मेहनत का नतीजा है, जो कुछ भी मनीषा ने हासिल किया है वो अपने दम पर किया है। रिंकू ने कहा कि मनीषा का अब सपना देश के लिए ओलंपिक में मेडल जीतना है। भारतीय महिला रेसलर की भाभी ममता ने भी उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा खुशी तो परिवार को ही होती है कि हमारे घर की बेटी ने इतने बड़े स्तर पर जाकर देश और गांव का नाम रोशन किया है।

page 4_Layout 1 31-10-2026 19:40 Page 1

डी.सी, एस.एस.पी और मुख्य कृषि अधिकारी ने किया विभिन्न गांवों का दौरा

किसानों को पराली के उचित प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला फिरोजपुर में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने और किसानों को फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने के लिए प्रेरित/जागरूक करने के उद्देश्य से डिप्टी कमिश्नर फिरोजपुर दीपशिखा शर्मा, सीनियर पुलिस कप्तान स.भूपिंदर सिंह सिद्धू और मुख्य कृषि अधिकारी डा.बलविंदर सिंह द्वारा गांव चक्क सोमियां, कोहर सिंह वाला, चक्क जमित सिंह वाला और चुग्गा आदि का दौरा किया गया। इस दौरान डिप्टी कमिश्नर ने किसानों से बातचीत करते हुए उन्हें पराली को आग लगाने के बजाय खेतों में ही जुताई करके

डी.सी, एस.एस.पी और मुख्य कृषि अधिकारी गांवों में पराली प्रबंधन संबंधी निरीक्षण करते हुए।

जमीन की उर्वरता बढ़ाने और पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान गांव चुग्गा के प्रगतिशील किसान सतविंदर सिंह बराड़ और हरमनजीत सिंह बराड़ ने अधिकारियों से बातचीत के दौरान बताया कि उनके द्वारा अपने खेतों में मल्चर और पराली की मदद से लगभग 65 एकड़ क्षेत्र में गेहूं की बिजाई की गई है। इन किसानों द्वारा अपनाई जा रही इस तकनीक से पराली का उचित प्रबंधन करने के साथ-साथ खेती की लागत घटाने, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करने और उर्वरकों की खपत घटाने की संभावनाएं हैं। डिप्टी कमिश्नर ने इन प्रगतिशील किसानों की सराहना की और कहा कि यह प्रयास अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने जिले के अन्य किसानों से भी इनसे प्रेरणा लेकर पराली का उचित प्रबंधन करने की अपील की। इसी तरह गांव चक्क सोमियां में किसान गुरविंदर सिंह, टेक सिंह, झिर्मल सिंह और सुखदर्शन सिंह से भी बातचीत की गई और उन्हें फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन संबंधी जागरूक किया गया। इस दौरान डिप्टी कमिश्नर द्वारा गांव चक सोमियां में डंप मालिक कुलदीप सिंह भारद्वाज के डंप का भी दौरा किया गया। इस डंप पर अब तक लगभग 1,350 मीट्रिक टन पराली स्टोर की जा चुकी है। यह प्रयास पराली की एकत्र, भंडारण और इसके उचित उपयोग को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

डिप्टी कमिश्नर ने जिले के किसानों से अपील की कि वह पराली को आग लगाने से गुरेज करें और कृषि विभाग द्वारा सुझाए गए तकनीकों को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें, साथ ही, कृषि विभाग द्वारा किसानों को पराली प्रबंधन के लिए उपलब्ध मशीनरी और अन्य वैकल्पिक तरीकों का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

एस.बी.एस स्टेट यूनिवर्सिटी द्वारा वार्षिक सिविल इंजीनियरिंग फेस्ट सिविऑन-2026 का सफल आयोजन

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): शहीद भगत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी (एस.बी.एस.एस.यू) फिरोजपुर के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा माननीय वाइस चांसलर प्रो.सुरेश कुमार शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व में वार्षिक विभागीय समारोह सिविऑन-2026 बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विभाग की छात्र सोसाइटी इंडियन सोसाइटी ऑफ सिविल इंजीनियर्स के बैनर तले, विभागाध्यक्ष डॉ. परमप्रीत कौर के नेतृत्व और छात्र प्रबंधन टीम के सहयोग से आयोजित किया गया। इस समारोह में रजिस्ट्रार डा. राजीव अरोड़ा, डीन (अकादमिक) डा.राजीव कुमार गर्ग और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एस.बी.आई) के मैनेजर (कंप्लायंस एंड रिस्क) दिलीप कुमार ने विशेष अतिथियों के रूप में शिरकत की। इस मौके पर छात्रों में नवाचारी सोच, समस्या-समाधान कौशल और टीम भावना

एस.बी.एस स्टेट यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित वार्षिक सिविल इंजीनियरिंग फेस्ट सिविऑन-2026 में जानकारी देते हुए प्रवक्ता और समारोह में हिस्सा लेते हुए अध्यापक एवं छात्र।

को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस फेस्ट के दौरान विभिन्न तकनीकी और गैर-तकनीकी प्रतियोगिताएं करवाई गई। इन प्रतियोगिताओं में 130 से अधिक छात्रों ने पूरे उत्साह से भाग लिया और अपनी तकनीकी विशेषज्ञता, रचनात्मकता व नेतृत्व के गुणों का प्रदर्शन किया। समापन समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एकत्रित जनसमूह को संबोधित करते हुए डा.राजीव अरोड़ा और डा.परमप्रीत कौर ने समारोह के सुचारू प्रबंधन के लिए प्रबंधन टीम की प्रशंसा की। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अकादमिक पढ़ाई के साथ-साथ ऐसी सह-गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें ताकि उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो सके। सिविऑन-2026 का सफल आयोजन छात्रों में तकनीकी उत्कृष्टता और समग्र विकास को प्रोत्साहित करने के प्रति यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

गांव छांगा राए उताड़ में आयोजित क्रिकेट टूर्नामैंट में शामिल हुए पूर्व विधायक आवला

- आवला ने प्रबंधकों को 21 हजार की सहायता राशि एवं खिलाड़ियों को भेंट की खेल के सामान की कीट

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): गांव छांगा राए उताड़ में नौजवानों को खेलों से जौडने के लिए करवाए गए क्रिकेट टूर्नामैंट में बीते दिन पूर्व विधायक रमिन्द्र सिंह आवला ने विशेष तौर पर हिस्सा लिया। इस दौरान पूर्व विधायक रमिन्द्र आवला ने अपनी तरफ से प्रबंधक कमेटी के सदस्यों को 21 हजार रुपए की सहायता राशि भेंट की और खिलाडि ों की हौंसला अफजाई करते हुए उन्हें क्रिकेट खेल के सामान

गांव छांगा राए उताड़ में आयोजित क्रिकेट टूर्नामैंट में प्रबंधकों को सहायता राशि सौंपते हुए पूर्व विधायक रमिन्द्र आवला।

कीट भेंट की। इस मौके पर पूर्व विधायक रमिन्द्र आवला ने कहा कि खेल नौजवानों के सर्वपक्षीय विकासर में अह्म भूमिका निभाते है और ऐसे खेल टूर्नामैंट नौजवानों को खेलों के साथ जौडने के साथ-साथ आपसी भाईचारे व अनुशासन की भावना को मजबूत करते है। अंत में टूर्नामैंट के प्रबंधकों ने पूर्व विधायक रमिन्द्र आवला को सम्मानित किया और उनका सहायता राशि के लिए अभार जताया।

झोटा हत्याकांड को लेकर पंजाब में आंदोलन तेज, 5 नवंबर को सीएम भगवंत मान के आवास का होगा घेराव

मानसा/चंडीगढ़,। पंजाब में नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा की हत्या के मामले में इंसाफ की मांग को लेकर आंदोलन तेज हो गया है। राज्य के 100 से अधिक किसान, मजदूर, कर्मचारी, शिक्षक और छात्र संगठनों ने 5 नवंबर को मुख्यमंत्री भगवंत मान के संगरूर स्थित निजी आवास का घेराव करने का ऐलान किया है। मानसा में संयुक्त एक्शन कमेटी की करीब चार घंटे तक चली बैठक के बाद यह फैसला लिया गया। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने बताया कि पंजाब के विभिन्न संगठनों को इस आंदोलन में शामिल होने की अपील की गई है। प्रदर्शनकारी झोटा हत्याकांड की निष्पक्ष जांच, गिरफ्तार नेताओं की बिना शर्त रिहाई और नशा तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। संगठनों ने मुख्यमंत्री भगवंत मान और पंजाब के डीजीपी के इस्तीफे की मांग भी उठाई है।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने फाइबर ऑप्टिक्स के जनक डॉ. नरेंद्र सिंह कपानी के योगदान को सम्मानित करने के लिए भारत की पहली 'डॉ. नरेंद्र सिंह कपानी रिसर्च चेयर' की स्थापना की

वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए हर साल 1 करोड़ रुपये की ग्रांट देने का ऐलान

डेली आवाज भारती

मोहाली संदीप अकालगढ़िया। फाइबर ऑप्टिक्स के जनक के रूप में प्रसिद्ध महान भारतीय वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह कपानी की 100वीं जयंती को समर्पित करते हुए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने भारत की पहली 'डॉ. नरेंद्र सिंह कपानी रिसर्च चेयर फॉर एक्सीलेंस इन साइंसेज एंड इनोवेशन' की स्थापना की है। ऑप्टिकल फाइबर तकनीक के क्षेत्र में डॉ. कपानी के क्रांतिकारी शोध ने विश्व की दूरसंचार प्रणाली को नई दिशा दी और आज के डिजिटल युग की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस रिसर्च चेयर की स्थापना के साथ वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए हर साल 1 करोड़ रुपये की रिसर्च ग्रांट भी प्रदान

शहीद भगत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी में संपन्न हुई दो दिवसीय वॉलीबाल टूर्नामैंट में खिलाड़ियों को आर्शीवाद देते हुए प्रबंधक।

की जाएगी। यह पहल डॉ. कपानी की वैज्ञानिक विरासत को सम्मान देने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों को विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी। इस पहल के तहत चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान को मान्यता देते हुए उनके नाम पर भारत की पहली रिसर्च चेयर स्थापित की है। यह महान वैज्ञानिक को एक विशेष संस्थागत श्रद्धांजलि है। इस प्रयास का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिक अनुसंधान, नवाचार और युवा वैज्ञानिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर निवेश के माध्यम से डॉ. कपानी की विरासत को आगे बढ़ाना है। इस रिसर्च चेयर के माध्यम से उभरते हुए वैज्ञानिकों को मार्गदर्शन, सलाह और शोध में सहायता प्रदान की जाएगी, ताकि वे अपने नए एवं नवीन विचारों पर काम कर सकें और उच्च स्तरीय अनुसंधान कर सकें। इसके साथ ही वैज्ञानिक खोजों को समाज और मानवता के लिए लाभकारी तकनीकों में परिवर्तित करने के अवसर भी मिलेंगे। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी परिसर में डॉ. नरेंद्र सिंह कपानी की 100वीं जयंती को समर्पित आयोजित समारोह में कई प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. (डॉ.) समीर के. मंडल, साइंटिस्ट-जी, ऑप्टिक्स एंड फोटोनिक्स इंस्ट्रूमेंटेशन, सीएसआईआर-सीएसआईओ, चंडीगढ़ उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर से प्रो. (डॉ.) एरॉन डैनर शामिल हुए।

भाजपा नेता गुरदर्शन सैनी ने राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से की मुलाकात

डेली आवाज भारती

- नशे और कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर हुई विस्तृत चर्चा

जीरकपुरःतरनप्रीत सिंह गिल : भाजपा ओबीसी मोर्चा पंजाब के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता गुरदर्शन सिंह सैनी ने पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से विशेष मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया। मुलाकात के दौरान गुरदर्शन सिंह सैनी ने पंजाब में लगातार बढ़ रहे नशे के प्रकोप, युवा पीढ़ी पर पड़ रहे इसके दुष्प्रभावों और राज्य की कानून-व्यवस्था की स्थिति सहित कई गंभीर मुद्दे राज्यपाल के ध्यान में लाए। सैनी ने कहा कि पंजाब में नशे का बढ़ता रुझान समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। नशे के कारण जहां युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है, वहीं पारिवारिक और सामाजिक ताना-बाना भी बिगड़ रहा है। राज्य में लोगों के भीतर सुरक्षा की भावना पैदा करना समय की मुख्य मांग है। उन्होंने बताया कि राज्यपाल ने भी पंजाब की शांति, सद्भावना और सुरक्षा को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने दावा किया कि पंजाब में भाजपा की सरकार बनने पर कानून-व्यवस्था की स्थिति को सुदृढ़ करने, नशे के खात्मे और युवाओं के स्वर्णिम भविष्य के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर हरदीप सिंह सैनी, विमल जैन (उपाध्यक्ष, कॉन्फ्रेंस दिल्ली) और सनत भारद्वाज सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे।

भाजपा की राजनीतिक गतिविधियां हुईं तेज, संजीव खन्ना ने कार्यकर्ताओं के साथ की अहम बैठक

मेरा हलका, मेरा परिवार; जरूरतमंदों की मदद और जनसमस्याओं का समाधान हमारी मुख्य प्राथमिकता: खन्ना

डेली आवाज भारती

जीरकपुरःतरनप्रीत सिंह गिल : पंजाब में आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर डेराबस्सी हलके में भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में जीरकपुर स्थित भाजपा कार्यालय में वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव खन्ना ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विशेष बैठक की। बैठक के दौरान चुनावी तैयारियों के साथ-साथ डेराबस्सी, जीरकपुर और लालडू की स्थानीय समस्याओं तथा त्योहारों के मद्देनजर जरूरतमंद परिवारों की मदद करने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। इस अवसर पर संजीव खन्ना ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति केवल चुनाव लड़ने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि जनता के सुख-दुख में साथ खड़े रहना ही असली जन-सेवा है। उन्होंने कहा, मेरा हलका, मेरा परिवार है। मुझे हलके के प्रत्येक परिवार की चिंता है।÷ उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों तक मिठाइयां और पटाखे पहुंचाने का अभियान शुरू किया गया है। बैठक में हलके की टूटी सड़कों, सीवरेज, पेयजल और ट्रैफिक जाम जैसी बुनियादी समस्याओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। खन्ना ने कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं की सूची तैयार करने को कहा ताकि संबंधित अधिकारियों के समक्ष मुद्दे उठाए जा सकें।

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना: विधायक रंधावा ने रवाना की श्रद्धालुओं की बसें

- श्रद्धालुओं को बिना आर्थिक बोझ के मिल रहा पवित्र धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर: रंधावा

डेली आवाज भारती

जीरकपुरःतरनप्रीत सिंह गिल : पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में शुरू की गई %मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना% के तहत श्रद्धालुओं का जत्था श्री अमृतसर साहिब के लिए रवाना किया गया। हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने जीरकपुर, डेराबस्सी और लालडू से श्रद्धालुओं की तीन बसों को हरी झंडी दिखाकर श्री अमृतसर साहिब की पवित्र धरती के दर्शनों के लिए रवाना किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना पंजाब सरकार का एक अत्यंत सराहनीय और ऐतिहासिक प्रयास है। इस योजना के माध्यम से राज्य के बुजुर्गों और श्रद्धालुओं को बिना किसी आर्थिक बोझ के पवित्र धार्मिक स्थलों के मुफ्त दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा लोगों की धार्मिक भावनाओं का पूरा सम्मान किया जा रहा है, ताकि हर वर्ग के लोग अपनी श्रद्धा अनुसार धार्मिक स्थलों के दर्शन कर सकें।

पंजाब विधानसभा चुनाव 2027: आम आदमी पार्टी ने जारी की 40 उम्मीदवारों की पहली सूची, धूरी से फिर चुनाव लड़ेंगे सीएम भगवंत मान

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने अपनी चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी ने शनिवार को 40 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। मुख्यमंत्री भगवंत मान एक बार फिर धूरी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। जारी सूची में विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवां को कोटकपूरा, मंत्री संजीव अरोड़ा को लुधियाना पश्चिम, कुलदीप सिंह धालीवाल को अजनाला,

Ref: AAP-PB/10-26/001 Date : 31-10-2026

Announcement

The Aam Aadmi Party hereby announces the following candidates for the **Punjab Legislative Assembly Elections, 2027.**

Sr. No.	AC No	Assembly Constituency	Candidate Name
1	7	Batala	Amanveer Singh (Sherry Kahlo)
2	11	Ajnala	Kuldeep Singh Dhaliwal
3	19	Amritsar South	Dr. Inderbir Singh Nijjar
4	21	Tarn Taran	Harmeet Singh Sandhu
5	22	Khem Karan	Sarvan Singh Dhun
6	31	Nakodar	Ms. Inderjit Kaur Mann
7	33	Kartarpur	Balkar Singh
8	40	Dasuya	Karambir Singh Ghuman
9	41	Urmar	Jasvir Singh Raja Gill
10	43	Hoshiarpur	Bram Shanker Sharma Jimpa
11	44	Chabbewal	Ishank Kumar Chabbewal
12	45	Garhshankar	Jai Krishan Singh Rouri
13	48	Balachaur	Ms. Santosh Kataria
14	50	Rupnagar	Dinesh Chadha
15	53	S.A.S.Nagar	Kulwant Singh
16	55	Fatehgarh Sahib	Lakhbir Singh Rai
17	56	Amloh	Gurinder Singh Garry Waring
18	58	Samrala	Jagtar Singh Diyalpura
19	60	Ludhiana East	Daljit Singh Grewal Bhola
20	62	Atam Nagar	Kulwant Singh Sidhu
21	63	Ludhiana Central	Ashok Prashar Pappi

कुलवंत सिंह को मोहाली और दलजीत सिंह ग्रेवाल को लुधियाना पूर्व से उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने पहली सूची में मौजूदा विधायकों पर भरोसा जताया है। उम्मीदवारों के चयन से पहले दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के आवास पर पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति (PAC) की बैठक हुई थी। पंजाब की 117 विधानसभा सीटों पर 2027 की शुरुआत में चुनाव होने की संभावना है। पहली सूची जारी होने के बाद अब राजनीतिक गलियारों में अन्य दलों की चुनावी रणनीति को लेकर भी चर्चाएं तेज हो गई हैं।

राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल ने रन फॉर यूनिटी आयोजित

- अब लूट नहीं सेवा होगी, सुधर गई है पूरी व्यवस्था, बिल्डिंग पर आया 8.55 करोड़ रुपये का खर्चा

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर मंडल ने भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में आज रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर, मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने मंडल कार्यालय, फिरोजपुर में अधिकारियों, कर्मचारियों, रेलवे सुरक्षा बल के जवानों और स्कूल के

राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर रेलवे फिरोजपुर में आयोजित रन फॉर यूनिट में हिस्सा लेते हुए अधिकारी व कर्मचारी।

छात्रों को एकता शपथ दिलाई। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक नितिन गर्ग, वरिष्ठ मंडल खेल अधिकारी राहुल देव एवं अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार की अगुआई में अधिकारियों, कर्मचारियों, रेलवे सुरक्षा बल के जवानों और स्कूल के छात्रों ने रन फॉर यूनिटी में उत्साहपूर्वक भाग लिया। रन फॉर यूनिटी में लगभग 100 से अधिक अधिकारियों, कर्मचारियों, रेलवे सुरक्षा बल के जवानों और स्कूल के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जिला चुनाव अधिकारी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर चुनाव तैयारियों का लिया जायजा

- संवेदनशील मतदान केंद्रों की समीक्षा और स्ट्रांग रूम व मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला चुनाव अधिकारी-कम-उपायुक्त श्रीमती दीपशिखा शर्मा द्वारा शनिवार को चुनाव प्रबंधों और तैयारियों का जायजा लेने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करने के साथ-साथ जिले के विभिन्न स्ट्रांग रूमों और मतदान केंद्रों का दौरा किया गया। इस अवसर पर एसएसपी भूपिंदर सिंह सिद्धू भी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस संबंध में मिनी

जिला चुनाव अधिकारी श्रीमति दीपशिखा शर्मा अधिकारियों के साथ बैठक कर चुनाव तैयारियों का जायजा लेती हुई।

मीटिंग हॉल उपायुक्त कार्यालय में हुई बैठक के दौरान ईआरओ-76 द्वारा वलनरेबिलिटी मैपिंग और एक्सपेंडिचर सेंसिटिव चुनाव क्षेत्र संबंधी संवेदनशील मतदान केंद्रों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला चुनाव अधिकारी द्वारा संवेदनशील मतदान केंद्रों संबंधी चुनाव प्रबंधों की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके उपरांत जिला चुनाव अधिकारी द्वारा एसएसपी और संबंधित अधिकारियों के साथ विभिन्न स्थानों का दौरा किया गया। इस दौरान एम.एल.एम स्कूल में स्थित स्ट्रांग रूम (विधानसभा हलका 76-फिरोजपुर शहरी), शहीद भगत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी में स्थित स्ट्रांग रूम और मतदान केंद्र फत्तूवाला का निरीक्षण किया गया। उन्होंने गांव फत्तूवाला में स्थित जंगल घर और पंचायत घर का भी निरीक्षण किया। जिला चुनाव अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार सभी चुनाव प्रबंध समय पर पूरे किए जाएं। उन्होंने स्ट्रांग रूमों और मतदान केंद्रों पर सुरक्षा, बिजली, भवनों और अन्य आवश्यक बुनियादी सुविधाओं के पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि क्रिटिकल मतदान केंद्रों संबंधी विशेष ध्यान दिया जाए और चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण और सुचारू ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल से काम करें। बैठक में अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी डा.अमनदीप कौर, एसडीएम फिरोजपुर अभिषेक शर्मा, एसडीएम जीरा सूरज, एसडीएम गुरुहरसहाय हरदीप सिंह, एसपी मनजीत सिंह, सहायक कमिश्नर हिमांशु आईएएस (अंडर ट्रेनिंग), डीएसपी सुखविंदर सिंह, डीएसपी करण शर्मा, डीएसपी जसपाल सिंह, डीएसपी तजिंदर पाल सिंह और तहसीलदार चुनाव सुखदेव सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे।

CMYK

page 5_Layout 1 31-10-2026 19:43 Page 1

युवाओं को लक्ष्य छोटा नहीं, बल्कि उसकी रोज तैयारी करनी चाहिए- नायब सिंह सैनी

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि युवाओं को अपना लक्ष्य कभी छोटा नहीं करना चाहिए बल्कि उसकी हर रोज तैयारी करनी चाहिए। अपने तन और मन, दोनों का ध्यान रखते हुए नशे और निराशा से दूर रहकर मित्रों के साथ अपने गांव और समाज के सामूहिक काम में भाग लेना चाहिए।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंजाब के बलाचौर हलके के गाँव बागोवाल में युवा रैली को सम्बोधित कर रहे थे। रैली में रवि इन्द्र बलाचौर ने अपने साथियों के साथ भाजपा ज्वाइन की। मुख्यमंत्री ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पार्टी में उन्हें पूरा मान सम्मान मिलेगा। इस अवसर पर डेरा भौरी के महाराज दयाल दास, सरदार राज बागोवाल, सरंपच नरेश कुमार, जिला अध्यक्ष राजविन्द्र लाखी, चेयरमैन ओम प्रकाश देवी नगर सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरा देश सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मना रहा है। सरदार पटेल ने लगभग 560 रियासतों को तो कर पूरे भारत को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया। इसलिए उनकी जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाती है।

मुख्यमंत्री ने एकता दिवस की हार्दिक बधाई दी और सरदार पटेल को नमन भी किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को राजनीतिक पार्टी से जु ना बे ा सराहनीय निर्णय है। उसके पीछे अपने क्षेत्र की चिंता और लोगों की उम्मीदें होती हैं। भविष्य के प्रति एक विश्वास और भरोसा होता है। यह निर्णय पंजाब में भाजपा के प्रति बे ती आशा को बल देगा। अब हम सबको मिलकर, इस आशा को सेवा में और सेवा को जन-विश्वास में बदलना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बागोवाल की भूमि से यह संदेश गया कि पंजाब का युवा अपनी शक्ति पहचान गया है। वह मेहनत से पीछे नहीं हटता, चुनौतियों से नहीं डरता और अपने परिवार तथा गांव के भविष्य के लिए तत्पर खे ा है। उन्होंने कहा कि हम मिलकर ऐसा रंगला पंजाब बनाने का संकल्प लें, जहाँ हर बच्चे को खेलने का मैदान, हर युवा को आगे बे ने का अवसर, हर परिवार को नशे के विरुद्ध सहयोग और हर मेहनतकश को सम्मान मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाला समय भारतीय जनता पार्टी का है। पंजाब के लोगों को अब स्पष्ट लगने लगा है कि फरवरी 2027 में पंजाब में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी। डबल इंजन की सरकार पंजाब में दोगुनी गति से विकास कार्य करेगी और हर व्यक्ति को पूरा मान सम्मान देगी। भाजपा ने पंजाब में नशे के विरूद्ध यात्रा निकाली जिसका प्रदेश के लोगों से भरपूर सहयोग मिला।

मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं को खेलों से जो ने और ग्रामीण खेल स्टेडियमों को बेहतर बनाने की जो मुहिम शुरू की हुई है, वह समाज को आगे ले जाने वाली पहल है। इससे हर गांव में युवाओं को खेल के मैदान मिलेंगे।

खेलों की ओर अग्रसर होने से युवाओं में राष्ट्रीयता एवं नेतृत्व की भावना पनपती है। खेलों से जु ेा युवा नशे से दूर रहते है। राष्ट्रीय एकता दिवस पर युवाओं को नशे से दूर रहने का सकंल्प लेना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप व कांग्रेस पार्टी ने पंजाब में नशा और भ्रष्टाचार बढाने का काम किया है। आज प्रदेश नशे के बुरे दौर से गुजर रहा है। नशे से परिवार और विकास दोनों बाधित होते हैं और परिवार अंधेरे में चला जाता है और विकास की गति रुक जाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने नशे को खत्म करने का वादा किया।

आम आदमी पार्टी द्वारा 40 उम्मीदवारों की सूची जारी करना पार्टी में मची घबराहट और विधायकों के पार्टी छोड़ने के डर का परिणामः हरदेव सिंह उभा

डेली आवाज भारती

मोहाली/चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी पंजाब के वरिष्ठ नेता सरदार हरदेव सिंह उभ्भा ने आम आदमी पार्टी द्वारा आज पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 के लिए 40 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह फैसला पार्टी के भीतर बढ़ती बेचैनी और अपने ही विधायकों के पार्टी छोड़कर जाने के डर को दर्शाता है। सरदार उभ्भा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेतृत्व को अपने ही विधायकों और नेताओं पर भरोसा नहीं रहा। पिछले समय के दौरान कई विधायकों के पार्टी बदलने और अन्य पार्टियों में जाने की चर्चाओं के कारण %आप% नेतृत्व चिंतित है। इसी संभावित राजनीतिक उथल-पुथल को रोकने और अपने नेताओं को पार्टी के साथ जोड़े रखने के लिए पार्टी ने समय से पहले 40 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि पंजाब का बच्चा-बच्चा भगवंत मान सरकार की कार्यप्रणाली से दुखी है। पंजाब के लोगों में सरकार के प्रति नाराजगी लगातार सामने आ रही है। कई स्थानों पर लोगों द्वारा आम आदमी पार्टी के नेताओं को अपने घरों में आने से

रोकने और उनसे सरकार के कामकाज का हिसाब मांगने की घटनाएं भी देखने को मिल रही हैं। यह स्थिति सरकार और आम जनता के बीच बढ़ती दूरी को दर्शाती है। नशे के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए सरदार उभ्भा ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने सत्ता में आने से पहले नशा मुक्त पंजाब बनाने के बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन आज मेडिकल नशे की अवैध बिक्री, नशीली दवाइयों की सप्लाई और होम डिलीवरी से संबंधित सामने आ रही खबरें गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि यदि नशीली दवाइयां लोगों के घरों तक पहुंचाने के दावे और शिकायतें सामने आ रही हैं तो सरकार और पुलिस प्रशासन को इस सप्लाई नेटवर्क की जड़ तक पहुंचकर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। केवल छोटे विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय इस धंधे के पीछे काम कर रहे बड़े सप्लायरों, अवैध मेडिकल स्टोरों और अन्य संलिप्त लोगों की भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब की युवा पीढ़ी का भविष्य दांव पर लगा हुआ है। नशे के कारण माताओं के बेटे अपनी जान गंवा रहे हैं और परिवार उजड़ रहे हैं। सरकार को नशा मुक्ति के विज्ञापनों और राजनीतिक नारों से आगे बढ़कर जमीनी स्तर पर परिणाम देने चाहिए। सरदार उभ्भा ने कहा कि चुनावों से पहले पंजाब के लोगों से बड़े-बड़े वादे किए गए थे, लेकिन आज लोग बुनियादी सुविधाओं, रोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, कानून-व्यवस्था और विकास के मुद्दों पर सरकार से जवाब मांग रहे हैं। लोगों को राजनीतिक घोषणाओं की बजाय जमीनी स्तर पर काम चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि 40 उम्मीदवारों की सूची जारी करना जनता से किए गए वादों को पूरा करने का विकल्प नहीं है। असली जवाबदेही सरकार के कामकाज और जनता से किए गए वादों को पूरा करने से साबित होती है। यदि सरकार को अपनी कार्यप्रणाली पर भरोसा है तो उसे सबसे पहले पंजाब के लोगों के सवालों का जवाब देना चाहिए।

त्योहारी सीजन में रेल यात्रियों को राहत, लुधियाना से बिहार और कोलकाता के लिए चलेंगी विशेष ट्रेनें

डेली आवाज भारती

लुधियाना। त्योहारी सीजन के दौरान रेल यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेनों का संचालन करने की योजना बनाई है। इन ट्रेनों से पंजाब में रहने वाले बिहार और पश्चिम बंगाल के यात्रियों को अपने घर जाने में राहत मिलने की उम्मीद है।

रेलवे की ओर से लुधियाना और आसपास के स्टेशनों से लंबी दूरी के रूटों पर विशेष ट्रेनें चलाने की जानकारी सामने आई है। इन ट्रेनों के माध्यम से यात्रियों को अतिरिक्त सीटें उपलब्ध कराने और नियमित ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को कम करने का प्रयास किया जाएगा। त्योहारी सीजन में बिहार और पश्चिम बंगाल जाने वाले यात्रियों की संख्या काफी बढ़ जाती है।

ऐसे में रेलवे की इस पहल से खासकर प्रवासी मजदूरों और परिवारों को फायदा मिल सकता है। रेलवे ने यात्रियों को सलाह दी है कि यात्रा से पहले ट्रेन का नंबर, समय-सारणी और उपलब्ध सीटों की जानकारी आधिकारिक रेलवे वेबसाइट या NTES ऐप से जरूर जांच लें।

रिवॉर्ड पॉइंट्स का लालच देकर साइबर ठगों ने दो लोगों को लगाया 6 लाख का चूना, बैंक अधिकारी बनकर किया फोन

डेली आवाज भारती

मोहाली। पंजाब के मोहाली जिले में साइबर ठगी के दो मामलों में क्रेडिट कार्ड धारकों से करीब 6 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। ठगों ने बैंक अधिकारी बनकर लोगों को फोन किया और क्रेडिट कार्ड के रिवॉर्ड पॉइंट्स रिडीम करवाने का झांसा देकर उनके साथ ठगी की। पहले मामले में मोहाली के फेज-10 निवासी एक महिला को ICICI बैंक के क्रेडिट कार्ड विभाग की कर्मचारी बनकर एक महिला ने फोन किया। ठगों ने रिवॉर्ड पॉइंट्स रिडीम करवाने के नाम पर महिला से WhatsApp पर स्क्रीन शेयरिंग चालू करवाई। इसके बाद मोबाइल पर आए OTP के जरिए करीब 2 लाख रुपये की अनधिकृत ट्रांजैक्शन कर ली गई। दूसरे मामले में जीरकपुर निवासी 50 वर्षीय व्यक्ति को फोन कर बताया गया कि उसके क्रेडिट कार्ड के 5,000 रुपये के रिवॉर्ड पॉइंट्स उसी दिन समाप्त हो जाएंगे। ठग के कहने पर उसने Google Chrome पर MY Card सर्च किया। इसके बाद उसके क्रेडिट कार्ड से 2-2 लाख रुपये की दो ट्रांजैक्शन कर कुल 4 लाख रुपये निकाल लिए गए। दोनों मामलों में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) और आईटी एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर मोबाइल की स्क्रीन शेयर न करें और OTP किसी के साथ साझा न करें।

बलटाना में लगाया विशाल मुफ्त स्वास्थ्य शिविर, 224 मरीजों की हुई जांच

144 लाभार्थियों के बनाए गए हेल्थ कार्ड, जरूरतमंदों को बांटी मुफ्त दवाइयांः डॉ. अहलूवालिया

डेली आवाज भारती

जीरकपुरःतरनप्रीत सिंह गिल : लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से बलटाना में एक विशाल मुफ्त मल्टी-स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर आम आदमी पार्टी पंजाब के महासचिव और पंजाब जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड के चेयरमैन डॉ. सनी सिंह अहलूवालिया के नेतृत्व में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा 224 मरीजों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच की गई और जरूरतमंदों को दवाइयां बांटी गईं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत 144 योग्य लाभार्थियों के हेल्थ कार्ड भी मौके पर बनाए गए। शिविर में दांतों की जांच, शुगर, ब्लड प्रेशर, जोड़ों के दर्द और महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी विशेष जांच की गई। डॉ. सनी सिंह अहलूवालिया ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार का मुख्य उद्देश्य लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना

है ताकि कोई भी व्यक्ति पैसों की कमी के कारण इलाज से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के कार्डों के माध्यम से लाभार्थी सूचीबद्ध अस्पतालों में 10 लाख रुपये तक का कैशलेस (कैश रहित) इलाज करवा सकेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे डेराबस्सी हलके में लोगों की सुविधा के लिए ऐसे स्वास्थ्य शिविर निरंतर जारी रहेंगे।

इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल कुराली में वार्षिक समारोह 'स्पेक्ट्रम-1' धूमधाम से मनाया गया

डेली आवाज भारती

कुराली, संदीप अकालगढ़िया : इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल कुराली में शनिवार शाम को वार्षिक समारोह 'स्पेक्ट्रम-1' बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस समारोह में चौथी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने अपनी कला और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। समारोह के दौरान अभिभावकों ने अपने बच्चों की प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती संगीत प्रस्तुतियां और पश्चिमी नृत्य पेश किए। थीम आधारित नृत्यों ने अपनी शानदार प्रस्तुति, रंग-बिरंगी वेशभूषा और मनमोहक संगीत से दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता के संदेश भी दिए। स्कूल के डायरेक्टर श्री ए.के. कौशल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जिम्मेदार नागरिकों के निर्माण में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने समाज के हर वर्ग से सामाजिक बुराइयों के खिलाफ डटकर खड़े होने और एक बेहतर एवं प्रगतिशील समाज के निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया। स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती पी. सेंगर ने समारोह में पहुंचे अतिथियों का स्वागत किया तथा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए संस्थान की उपलब्धियों और प्रगति के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह का समापन खुशी, गर्व और प्रेरणा से भरे माहौल में हुआ। 'स्पेक्ट्रम-1' ने विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने, सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाने और उनमें नैतिक मूल्यों का विकास करने के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता को दर्शाया। यह समारोह विद्यार्थियों की कला, रचनात्मकता और सर्वांगीण विकास का यादगार उत्सव साबित हुआ।

पंजाब के तीन युवक और एक नाबालिग UP ATS की गिरफ्त में, लखनऊ में पुलिस या सैन्यकर्मी की हत्या की साजिश रचने का आरोप

डेली आवाज भारती

अमृतसर। उत्तर प्रदेश की एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (ATS) ने पंजाब के तीन युवकों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक 17 वर्षीय नाबालिग को हिरासत में लिया गया है। इन सभी पर पाकिस्तान स्थित एक हैंडलर के इशारे पर लखनऊ में पुलिसकर्मी या सेना के जवान की हत्या करने अथवा पुलिस प्रतिष्ठान पर हमला करने की साजिश रचने का आरोप है। गिरफ्तार युवकों की पहचान अमृतसर निवासी गगनदीप सिंह (26), रजत कुमार (19) और गुरदासपुर निवासी कृष (21) के रूप में हुई है। चौथा आरोपी नाबालिग है, जिसकी पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। ATS के अनुसार, आरोपी कथित तौर पर प्रतिबंधित शाहजाद भट्टी नेटवर्क से जुड़े पाकिस्तान स्थित हैंडलर 'राणा भाई' के संपर्क में थे। जांच एजेंसी का दावा है कि आरोपियों को हत्या की वारदात को अंजाम देकर उसका वीडियो पाकिस्तान भेजने के लिए कहा गया था। इसके बदले उन्हें 3 लाख रुपये देने का वादा किया गया था। पुलिस के मुताबिक,

आरोपी 27 अक्टूबर को अमृतसर से रवाना हुए और दिल्ली होते हुए 29 अक्टूबर की रात लखनऊ पहुंचे। जांच में उनके मोबाइल फोन से संदिग्ध चैट, वीडियो और संवेदनशील प्रतिष्ठानों की रेकी से जुड़ी जानकारी मिलने का दावा किया गया है। ATS ने आरोपियों के कब्जे से विदेशी पिस्तौल और 20 कारतूस बरामद किए हैं। मामले में UAPA, आर्म्स एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। एजेंसी अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और हथियारों की सप्लाई करने वालों की तलाश कर रही है।

पंजाब में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की तैयारी, 12 नवंबर से PREGABALIN दवा की बिक्री पर सख्त नियम लागू

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब में नशे के बढ़ते खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने Pregabalin दवा की बिक्री को लेकर सख्त नियम लागू करने का फैसला किया है। 12 नवंबर 2026 से यह दवा Drugs Rules के Schedule H1 में शामिल होने के तहत नए नियमों के दायरे में आएगी।

नए नियमों के अनुसार मेडिकल स्टोर संचालक इस दवा को केवल रजिस्टर्ड डॉक्टर की वैध पर्ची पर ही बेच सकेंगे। इसके अलावा केमिस्टों को दवा की बिक्री और डॉक्टर की पर्ची का अलग रजिस्टर भी रखना अनिवार्य होगा। पंजाब सरकार पिछले कई वर्षों से इस दवा के दुरुपयोग को रोकने के लिए केंद्र सरकार से सख्त नियम बनाने की मांग कर रही थी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार Pregabalin का इस्तेमाल कुछ लोग नशे के तौर पर भी कर रहे हैं, जिससे युवाओं में इसकी लत को लेकर चिंता बढ़ी है। इस दवा का इस्तेमाल आमतौर पर नसों के दर्द और कुछ न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के इलाज में किया जाता है। सरकार का उद्देश्य इसकी अवैध बिक्री पर रोक लगाना और जरूरतमंद मरीजों तक डॉक्टर की सलाह के अनुसार दवा पहुंचाना है। नियमों का उल्लंघन करने वाले मेडिकल स्टोर संचालकों के खिलाफ Drugs and Cosmetics Act के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

मिनर्वा के साइलेक्स ओइनम और वाहेन्गबम राज सिंह का भारतीय अंडर-17 राष्ट्रीय फुटबॉल टीम में चयन

डेली आवाज भारती

मोहाली। ग्रासरूट फुटबॉल के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए मिनर्वा अकादमी एफसी के युवा खिलाड़ियों साइलेक्स ओइनम और वाहेन्गबम राज सिंह ने भारतीय अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह पक्की कर ली है। हेड कोच मेहराजुद्दीन वाडू के मार्गदर्शन में यह दोनों प्रतिभावान खिलाड़ी %ब्लू कोल्ट्स% (भारतीय युवा टीम) की जर्सी पहनकर मैदान में उतरेंगे। भारतीय टीम का लक्ष्य लगातार दूसरी बार एएफसी अंडर-17 एशियन कप के लिए क्वालीफाई करना है। भारतीय टीम को एएफसी अंडर-17 एशियन कप क्वालीफायर्स के ग्रुप %ई% में मेजबान मलेशिया, फिलिस्तीन, सिंगापुर और गुआम के साथ रखा गया है। ये मुकाबले एमपी सेलायांग स्टेडियम में खेले जाएंगे। उज्बेकिस्तान में 12 से 29 मई 2027 तक होने वाले कॉन्टिनेंटल फाइनल्स का टिकट केवल ग्रुप विजेता को ही मिलेगा। क्वालीफाइंग दौर में सिंगापुर, गुआम, फिलिस्तीन और मलेशिया के खिलाफ मुकाबले खेलने से पहले, भारतीय टीम अपनी अंतिम तैयारियों के तहत रास अल खैमाह जाएगी, जहां वह 1 और 4 नवंबर को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ दो महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना मैच खेलेगी।

डिफेंस की रीढ़ साइलेक्स ओइनम

साइलेक्स ओइनम एक शांत और कुशल सेंट्रल डिफेंडर व डिफेंसिव मिडफील्डर हैं, जिन्हें देश के सबसे होनहार युवा रक्षकों में गिना जाता है। साल 2023 में साइलेक्स ने अपनी कप्तानी में मिनर्वा अकादमी की अंडर-13 टीम को स्वीडन के

गोथेनबर्ग में आयोजित वर्ल्ड यूथ कप (गोथिया कप) का ऐतिहासिक खिताब दिलाया था। मिनर्वा यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने वाला पहला भारतीय क्लब बना था। उस टूर्नामेंट में उनकी अगुआई वाले डिफेंस ने पूरे टूर्नामेंट में सिर्फ दो गोल खाए, जबकि टीम ने 46 गोल दागे और फाइनल में ब्राजील के ऑर्डिन एफसी को 3-1 से हराया।

साइलेक्स के अंतरराष्ट्रीय सफर में दुबई के मीना कप (2022) की खिताबी जीत और स्पेन के एमआईसी फुटबॉल कप में शानदार प्रदर्शन शामिल हैं। घरेलू स्तर पर, साइलेक्स सुब्रतो कप अंडर-15 और हाल ही में नई दिल्ली में संपन्न 65वें सुब्रतो कप अंडर-17 का खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे, जहां उन्होंने क्वार्टर फाइनल में डिफेंस में खेलते हुए यादगार हैट्रिक लगाई थी। एरियल ड्यूल्स और खेल को पढ़ने की क्षमता के दम पर वह एआईएफएफ जूनियर लीग और एलीट यूथ लीग दोनों में मिनर्वा की मजबूती बने रहे हैं।

अग्रिम पंक्ति के स्टारः वाहेन्गबम राज सिंह

फॉरवर्ड पंक्ति में सेंटर-फॉरवर्ड वाहेन्गबम राज सिंह अपनी आक्रामक शैली और धारदार फिनिशिंग के लिए जाने जाते हैं। राज इससे पहले भी अंडर-17 राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। स्पेन में हुए एमआईसी फुटबॉल कप में उन्होंने इंग्लिश क्लब लिवरपूल एफसी के खिलाफ 6-0 की जीत में ऐतिहासिक हैट्रिक जमाई थी। इसके बाद डेनमार्क के डाना कप में भी उन्होंने लिवरपूल के खिलाफ एक और शानदार हैट्रिक दर्ज की। राज गोथिया कप, नॉर्वे कप और दुबई के मीना कप का खिताब जीतने वाली टीमों का अहम हिस्सा रहे हैं, साथ ही उन्होंने फिनलैंड के हेलसिंकी कप में भी उम्दा खेल दिखाया। घरेलू स्तर पर, 65वें सुब्रतो कप अंडर-17 में राज ने ग्रुप स्टेज के दौरान महज 4 मिनट के भीतर हैट्रिक ठोककर सुर्खियां बटोरी थीं। एआईएफएफ एलीट यूथ लीग में भी हिमाचल एफसी जैसी टीमों के खिलाफ हैट्रिक दागने वाले राज की तेज रफ्तार, पोजिशनिंग और सटीक फिनिशिंग भारतीय अटैक को मजबूती देगी।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 31-10-2026 17:09 Page 1

'पापा, आप बुरा आदमी कैसे बन सकते हैं', 'रामायण' में रावण का किरदार निभाने पर बेटे ने यश से पूछा सवाल

डेली आवाज भारती

मुंबई। साउथ के सुपरस्टार यश इन दिनों निर्देशक नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में वह रावण का किरदार निभा रहे हैं। इस बीच एक्टर ने फिल्म की तैयारी के दौरान अपने बेटे के साथ हुई एक दिलचस्प बातचीत का खुलासा किया। यश ने बताया कि जब उनके बेटे को पता चला कि उनके पिता भगवान राम नहीं बल्कि रावण का किरदार निभाने वाले हैं, तो वह हैरान रह गया। बेटे के लिए यह समझना मुश्किल था कि उसके पिता कहानी में विलेन की भूमिका कैसे निभा सकते हैं। यश ने बताया कि उनका बेटा जानता है कि उसके पिता कौन हैं लेकिन जब उसे रामायण की कहानी के बारे में पता चला तो वह काफी चौंक गया। बेटे ने उनसे कहा, 'नहीं, आप तो बुरे

आदमी हैं। आप ऐसा कैसे कर सकते हैं?' इस पर यश ने उन्हें समझाया कि कहानी को सही तरीके से समझने के लिए उसके हर किरदार को दिखाना जरूरी है। यश ने कहा, 'मुझे अपने बेटे को बैठाकर समझाना पड़ा कि इस कहानी में भगवान राम वह मुख्य किरदार हैं, जिन्हें आपको अपना आदर्श मानना चाहिए। हर किसी को राम के रास्ते पर चलना चाहिए। रावण भले ही शक्तिशाली और प्रभावशाली नजर आए लेकिन जिंदगी में सच्ची और स्थायी जीत तभी मिलती है, जब आप राम की तरह धर्म और सही रास्ते पर चलते हैं। मैंने उससे कहा कि थिएटर में तुम एक एक्टर के तौर पर मेरे लिए तालियां बजा सकते हो लेकिन मेरे किरदार को अपना आदर्श मत समझना।' यश ने बताया कि इसके बाद बेटे ने उनसे एक और सवाल किया, जिसने उन्हें मुश्किल में डाल दिया। बेटे ने पूछा कि क्या कहानी के आखिर में रावण हार जाता है और उसकी मौत हो जाती है? यश ने कहा, 'बेटे ने पूछा, 'क्या फिल्म के आखिर में आपकी मौत हो जाती है? क्या आप हार जाते हैं?' यह सवाल मेरे लिए थोड़ा मुश्किल था। जब मैंने इस फिल्म को साइन किया था, तब मेरे दिमाग में सिर्फ यह था कि मैं अपने दर्शकों को एक शानदार परफॉर्मेंस दूं।

वरुण धवन ने शेयर की सिद्धार्थ और कियारा के साथ फोटो, कैप्शन में लिखा-बहस जरूर हुई पर...

मुंबई। अभिनेता वरुण धवन ने सिद्धार्थ मल्होत्रा और उनकी पत्नी कियारा आडवाणी के साथ अपनी मुलाकात की एक झलक साझा की है। इससे दोनों अभिनेताओं के बीच किसी भी तरह की प्रतिद्वंद्विता की अटकलों पर विराम लग गया है। वरुण ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वे खुद, सिद्धार्थ और कियारा नजर आ रहे हैं। तस्वीर के बैकग्राउंड में कियारा एक मजेदार पोज देती हुई दिख रही हैं। सिद्धार्थ अपनी पत्नी कियारा के बेबी बंप को छिपाने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। तस्वीर के साथ वरुण ने लिखा, ÷बहस जरूर हुई है, लेकिन मेरे भाई के साथ कभी कोई प्रतिद्वंद्विता नहीं रही। मेहमाननवाजी के लिए धन्यवाद, भाभी जी। वरुण और सिद्धार्थ ने करण जौहर की 2012 की फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से बॉलीवुड में एक साथ कदम रखा था।

इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म से आलिया भट्ट ने भी बॉलीवुड में डेब्यू किया था। बाद में, इन तीनों अभिनेताओं ने फिल्म इंडस्ट्री में अपना सफल करियर बनाया। 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' के बाद वरुण और सिद्धार्थ ने फिर कभी एक साथ काम नहीं किया, लेकिन कई मौकों पर उन्होंने अपने आपसी संबंधों के बारे में बात की है। साल 2023 में, दोनों फिल्म निर्माता करण जौहर के चैट शो 'कॉफी विद करण' में एक साथ नजर आए थे। वहां उन्होंने अपनी दोस्ती के बारे में खुलकर बात की और बताया कि कैसे वे इतने सालों तक एक-दूसरे के संपर्क में रहे हैं। वरुण के कियारा के साथ भी अच्छे संबंध हैं। दोनों ने 2022 की फैमिली एंटरटेनर फिल्म 'जुग जुग जियो' में एक साथ काम किया था।

निजी जीवन की बात करें तो, सिद्धार्थ और कियारा जुलाई 2025 में अपनी पहली संतान, एक बेटी के माता-पिता बने थे। इस जोड़े ने 7 अक्टूबर, 2026 को आधिकारिक तौर पर अपनी दूसरी प्रेगनेंसी की घोषणा की। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक जॉइंट पोस्ट शेयर की, जिसमें उनकी बेटी साराया छोटे बच्चों के मोज़े पकड़े हुए नजर आ रही थी। कैप्शन में उन्होंने लिखा, हमें एक बार फिर सबसे बेहतरीन तोहफा मिला है। हमारा दिल प्यार और कृतज्ञता से भरा हुआ है।

आर्किटेक्ट बनने का सपना छोड़ मिस वर्ल्ड बनीं ऐश्वर्या राय

फिर फिल्मों में बनाई खास पहचान

मुंबई। बॉलीवुड में कई अभिनेत्रियां ऐसी रही हैं, जिन्होंने अपनी खूबसूरती के साथ-साथ अपनी एक्टिंग से भी लोगों के दिलों में जगह बनाई है। इनमें ऐश्वर्या राय बच्चन का नाम शामिल है। उन्होंने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआत की और देखते ही देखते अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना ली। मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने के बाद उनके सामने फिल्मों की दुनिया के दरवाजे खुल गए। हालांकि, ऐश्वर्या की जिंदगी का सफर हमेशा से फिल्मों की तरफ नहीं था। वह कभी आर्किटेक्ट बनना चाहती थीं और इसके लिए उन्होंने पढ़ाई भी शुरू की थी लेकिन किस्मत उन्हें एक ऐसे रास्ते पर ले आई, जहां उन्होंने न सिर्फ भारतीय सिनेमा बल्कि दुनियाभर में अपनी अलग पहचान बनाई। ऐश्वर्या राय का जन्म 1 नवंबर 1973 को कर्नाटक के मैंगलोर में हुआ था। उनके पिता कृष्णराज राय मरीन इंजीनियर थे जबकि मां वृंदा राय लेखिका हैं। उनका एक बड़ा भाई आदित्य राय है, जो मर्चेंट नेवी में काम कर चुका है। ऐश्वर्या का परिवार बाद में मुंबई आ गया, जहां उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी की। उन्होंने कॉलेज में आर्किटेक्चर में पढ़ाई की। पढ़ाई के दौरान ही ऐश्वर्या की दिलचस्पी मॉडलिंग में बढ़ने लगी। इसके बाद उन्हें कई विज्ञापनों में काम करने का मौका मिला। एक कोल्ड ड्रिंक के विज्ञापन में आमिर खान और महिमा चौधरी के साथ नजर आने के बाद वह काफी चर्चा में आईं। विज्ञापन में उनका %हाय, आई एम संजना% कहना लोगों को याद रह गया।

साल 1994 में ऐश्वर्या की जिंदगी का बड़ा मोड़ साबित हुआ। उन्होंने मिस इंडिया प्रतियोगिता में हिस्सा लिया लेकिन यह खिताब सुष्मिता सेन ने जीता। ऐश्वर्या इस प्रतियोगिता में फर्स्ट रनर-अप रहीं। इसके बाद उन्होंने मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व किया और खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के बाद उनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी। उस समय वह आर्किटेक्चर की पढ़ाई के दूसरे साल में थीं। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि मिस वर्ल्ड बनने के बाद उन्होंने यह जानने की कोशिश की थी कि क्या वह अपनी पढ़ाई जारी रख सकती हैं और अपने बैच के साथ डिग्री पूरी कर पाएंगी। हालांकि लगातार मिल रहे काम के कारण उनका करियर फिल्मों की तरफ बढ़ गया। ऐश्वर्या ने 1997 में मणिरत्नम की तमिल फिल्म 'इरुवर' से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। इसी साल उनकी पहली हिंदी फिल्म 'और प्यार हो गया' रिलीज हुई, जिसमें वह बॉबी देओल के साथ नजर आईं। हालांकि, शुरुआत में उन्हें फिल्मों में खास सफलता नहीं मिली लेकिन 1998 में आई तमिल फिल्म 'जीन्स' ने उन्हें दक्षिण भारतीय सिनेमा में पहचान दिलाई। इसके बाद 1999 में आई संजय लीला भंसाली की फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम' उनके करियर की बड़ी हिट साबित हुई। इसमें उन्होंने सलमान खान और अजय देवगन के साथ काम किया। फिल्म में नंदिनी के किरदार के लिए उन्हें काफी तारीफ मिली और फिल्मफेयर बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड भी मिला। साल 2002 में आई 'देवदास' ने उनके करियर को नई ऊंचाई दी। इसमें उन्होंने शाहरुख खान और माधुरी दीक्षित के साथ काम किया। पारो के किरदार में उनकी एक्टिंग और लुक को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस फिल्म के लिए उन्हें एक और फिल्मफेयर बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड मिला। इसके बाद उन्होंने 'धूम 2', 'गुरु', 'जोधा अकबर', सरकार राज, गुजारिश और ऐ दिल है मुश्किल जैसी फिल्मों में काम किया।

ऐश्वर्या ने हिंदी के अलावा तमिल, बंगाली और अंग्रेजी फिल्मों में भी काम किया है। वह अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह कान्स में भी भारतीय सिनेमा का जाना-पहचाना चेहरा रही हैं। साल 2003 में वह कान्स फिल्म फेस्टिवल की जूरी का हिस्सा बनी थीं। साल 2009 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया। फ्रांस सरकार ने भी उन्हें ऑर्डर ऑफ आर्ट्स एंड लेटर्स सम्मान दिया। निजी जिंदगी की बात करें तो ऐश्वर्या ने 20 अप्रैल 2007 को अभिनेता अभिषेक बच्चन से शादी की। दोनों की मुलाकात फिल्मों के दौरान हुई थी और धीरे-धीरे उनकी दोस्ती प्यार में बदल गई। नवंबर 2011 में उनकी बेटी आराध्या का जन्म हुआ। शादी के बाद भी ऐश्वर्या फिल्मों में काम करती रहीं और परिवार के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाती रहीं।

'रामायण' में सीता बनने के लिए साई पल्लवी ने लिया मेडिटेशन का सहारा, बताया किरदार से मिली सीख

मुंबई। अभिनेत्री साई पल्लवी जल्द ही फिल्म 'रामायण' में मां सीता के किरदार में नजर आएंगी। इस किरदार को निभाना उनके लिए सिर्फ एक फिल्म का हिस्सा बनने जैसा नहीं बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है। साई पल्लवी ने बताया कि इस सम्मानित किरदार को पूरी गरिमा के साथ पर्दे पर उतारने के लिए उन्होंने मेडिटेशन का सहारा लिया। उनका मानना है कि यह फिल्म सिर्फ एक सिनेमाई अनुभव नहीं होगी बल्कि इतिहास का हिस्सा बनेगी, जिसे आने वाली पीढ़ियां भी देखेंगी। साई पल्लवी हाल ही में लोकप्रिय क्विज रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' में पहुंचीं। यहां उन्होंने शो के होस्ट और मेगास्टार अमिताभ बच्चन के साथ बातचीत के दौरान सीता मां का किरदार निभाने की अपनी तैयारी के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस भूमिका को लेकर उनके मन में काफी सम्मान और जिम्मेदारी का भाव था।

इरादों की पक्की टिस्का और रूबी: एक ने संघर्ष से पाया मुकाम, दूसरी ने स्टारडम छोड़ चुना अध्यात्म

मुंबई। मनोरंजन की दुनिया में अपनी पहचान बनाना आसान नहीं होता। यहां हर दिन नए चेहरे आते हैं और अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष करते हैं। कुछ सितारे अपनी मेहनत और हुनर के दम पर सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचते हैं, तो कुछ ऐसे भी होते हैं जो शोहरत मिलने के बाद भी जिंदगी में एक अलग रास्ता चुन लेते हैं। ऐसी ही दो दिलचस्प शख्सियत हैं टिस्का चोपड़ा और रूबी भाटिया। खास बात यह है कि दोनों का जन्मदिन एक ही तारीख यानी 1 नवंबर 1973 को आता है। दोनों ने मनोरंजन जगत में अपनी अलग पहचान बनाई, लेकिन जिंदगी को लेकर उनके फैसले बिल्कुल अलग रहे। जहां टिस्का ने लगातार मेहनत करके अभिनय की दुनिया में मुकाम हासिल किया, वहीं रूबी ने स्टारडम के चरम पर पहुंचकर ग्लैमर की दुनिया से दूरी बना ली और अध्यात्म का रास्ता चुन लिया। टिस्का चोपड़ा आज हिंदी सिनेमा की उन अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं, जो अपने दमदार अभिनय से हर किरदार में जान डाल देती हैं। उनका जन्म हिमाचल प्रदेश के कसौली में हुआ था। उनके पिता शिक्षाविद् थे। पढ़ाई के दौरान ही टिस्का का रुझान थिएटर और अभिनय की तरफ बढ़ने लगा था। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से अंग्रेजी साहित्य की पढ़ाई की। इसके बाद वह अपने सपनों को पूरा करने मुंबई पहुंच गईं।

कभी मॉडलिंग से भी घबराती थीं इलियाना डिक्रूज, पहली फिल्म से ही जीत लिया फिल्मफेयर अवॉर्ड

मुंबई। फिल्मी दुनिया में कई कलाकार ऐसे होते हैं, जिन्हें पहली ही फिल्म से दर्शकों का प्यार मिल जाता है लेकिन उस मुकाम तक पहुंचने का उनका सफर आसान नहीं होता। इलियाना डिक्रूज भी ऐसी ही अभिनेत्रियों में शामिल हैं। उन्होंने दक्षिण भारतीय फिल्मों से अपने करियर की शुरुआत की और बाद में हिंदी सिनेमा में भी अपनी जगह बनाई। रणबीर कपूर और प्रियंका चोपड़ा के साथ फिल्म %बर्फी% में काम करने के बाद उनकी पहचान देशभर में हो गई। हालांकि, कैमरे के सामने आने से पहले इलियाना मॉडलिंग को लेकर भी सहज नहीं थीं। उन्हें शुरुआत में इस दुनिया में कदम रखने से डर लगता था, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने खुद को इस काम के लिए तैयार किया और पहली ही फिल्म से अवॉर्ड जीतकर अपनी प्रतिभा साबित की। इलियाना डिक्रूज का जन्म 1 नवंबर 1986 को मुंबई में हुआ था। उनके पिता रोनाल्डो डिक्रूज और मां समीरा डिक्रूज हैं। उनका परिवार मूल रूप से गोवा से जुड़ा है। जब इलियाना करीब 10 साल की थी, तब उनका परिवार गोवा चला गया। वहीं उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी की। उनके परिवार में तीन भाई-बहन हैं। इलियाना का बचपन सामान्य तरीके से बीता और उस समय उन्होंने अभिनेत्री बनने के बारे में नहीं सोचा था।

page 7_Layout 1 31-10-2026 19:58 Page 1

पीएम मोदी ने एकता नगर के रेन फॉरेस्ट और स्काईवॉक का अनुभव लेने का किया आह्वान

गुजरात सरकार की परियोजना सूची के अनुसार, रेन फॉरेस्ट परियोजना पर 14.30 करोड़ रुपये खर्च किए गए

डेली आवाज भारती

एकता नगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के नर्मदा जिले के एकता नगर स्थित रेन फॉरेस्ट की खूबसूरती और वहां बने स्काईवॉक की खासियत साझा करते हुए लोगों से इस पर्यटन स्थल का अनुभव लेने का आह्वान किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एकता नगर के रेन फॉरेस्ट में आपका शानदार अनुभव इंतजार कर रहा है। यहां की हरियाली और प्राकृतिक सुंदरता में खो जाइए। स्काईवॉक यहां का विशेष आकर्षण है, जहां एक अनूठा अनुभव मिलता है और साथ ही 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' का मनमोहक नजारा भी दिखाई देता है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह पोस्ट राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के मौके पर एकता नगर में आयोजित कार्यक्रमों के बीच की। इससे पहले उन्होंने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पहुंचकर सरदार पटेल को पुष्पांजलि अर्पित की और क्षेत्र में पर्यटन एवं बुनियादी ढांचे

से जुड़ी 426.71 करोड़ रुपये की 31 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। एकता नगर में विकसित किया जा रहा रेन फॉरेस्ट स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के आसपास के नए पर्यटन आकर्षणों में शामिल है। करीब 12 एकड़ में फैली इस परियोजना में वर्षभर कृत्रिम बारिश के जरिए वर्षावन जैसा वातावरण तैयार किया गया है। यहां 20 रेन गन टावर, झरने, बबल फाउंटेन और आकर्षक हरियाली विकसित की गई है। परिसर में भारत के अलग-अलग क्षेत्रों के पेड़-पौधे भी लगाए गए हैं। इसका प्रमुख आकर्षण गोलाकार कांच का स्काईवॉक है। इसे 35 एमएम मोटाई वाले कांच के 132 पैनलों से तैयार किया गया है। इस पर चलकर पर्यटक नीचे फैले वन क्षेत्र का अनूठा नजारा देख सकते हैं। यहां जैव विविधता और विभिन्न वन पारिस्थितिकी तंत्रों से परिचित कराने की व्यवस्था भी की गई है। गुजरात सरकार की परियोजना सूची के अनुसार, रेन फॉरेस्ट परियोजना पर 14.30 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने एकता नगर के पर्यटन सर्किट में शामिल वामन वृक्ष वाटिका का भी दौरा किया। सरकार का उद्देश्य स्टैच्यू ऑफ यूनिटी देखने आने वाले पर्यटकों के लिए आसपास पर्यटन के नए अनुभव और आकर्षण विकसित करना है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने 307.83 करोड़ रुपये की लागत वाली 23 परियोजनाओं का उद्घाटन किया और 118.88 करोड़ रुपये की आठ परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उद्घाटन की गई प्रमुख परियोजनाओं में 50 करोड़ रुपये की लागत से बना आईआरसीटीसी होटल, 16 करोड़ रुपये का एकता क्रूज और 3.67 करोड़ रुपये की इको ट्रेल शामिल हैं।

वहीं, शिलान्यास की गई परियोजनाओं में गोरा-भनद्रा रोड, स्मार्ट जीरो-वेस्ट इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट परियोजना, खलवानी इको-टूरिज्म और एकीकृत कैक्टस एवं बटरफ्लाई गार्डन शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी शनिवार शाम करीब **5:30** बजे राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में एकता परेड आयोजित की जाएगी, जिसमें केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ), राज्य पुलिस बलों और केंद्रीय पुलिस संगठनों की टुकड़ियां हिस्सा लेंगी।

क्या खासाकोठी फ्लाईओवर मामले में भी कार्रवाई करेगी सरकार

20 साल पहले होटल व्यवसायी के लिए बदला था अलाइनमेंट

डेली आवाज भारती

जयपुर। अनंता रिसॉर्ट प्रकरण के चर्चा में आने के साथ ही अब राजधानी जयपुर में खासाकोठी फ्लाई ओवर की चर्चाएं भी तेज हो गई हैं। क्योंकि भाजपा सरकार द्वारा जयपुर शहर के इस प्रमुख होटल व्यवसायी को अनुचित लाभ पहुंचाने का सिलसिला नया नहीं है, बल्कि काफी लंबा है। 20 साल पहले वर्ष 2005-06 में भी एम आई रोड स्थित होटल कंट्री इन को फायदा पहुंचाने के लिए जेडीए द्वारा अचानक फ्लाई ओवर का अलाइनमेंट बदल दिया गया था। हालांकि तब भी इसका विरोध हुआ था, लेकिन उसे अनसुना कर दिया गया। बार-बार इस फ्लाईओवर को तोड़ने की मांग उठती रही है। अब फिर चर्चा है कि क्या सरकार इस फ्लाई ओवर मामले में भी अनुचित लाभ पहुंचाने वाले तत्कालीन अफसरों पर कार्रवाई करेगी। अनंता रिसॉर्ट को पहुंचाया गया अनुचित फायदा यानि आर्थिक पैकेज को रद्द करने के साथ ही क्या होटल और रिसॉर्ट व्यवसायी पर भी प्रभावी कार्रवाई होगी। दरअसल, राजधानी जयपुर के सबसे व्यस्ततम खासाकोठी

चौराहे पर दो दशक पहले जनता की गाढ़ी कमाई के 25 करोड़ रुपये फूंककर खड़ा किया गया फ्लाईओवर आज भी सुगम यातायात का साधन नहीं, बल्कि दोषपूर्ण इंजीनियरिंग और रसूखदारों के आगे नतमस्तक प्रशासनिक विफलता का जीता-जागता स्मारक बन चुका है। मूल रूप से वर्ष 2004 में जिस फ्लाईओवर की योजना एमआई रोड से कलेक्ट्रेट होते हुए खासाकोठी तक ट्रैफिक को गति देने के लिए बनाई गई थी और जिसके लिए करीब 9 करोड़ रुपये के टेंडर तक जारी हो चुके थे, उसे 2005-06 में सत्ता और रसूख के दबाव में सिंधी कैंप से रेलवे जंक्शन की ओर मोड़ दिया गया। उस समय यह मामला न्यायालय की चौखट तक भी पहुंचा था, लेकिन जनता की जरूरत पर निजी हितों को तरजीह दी गई। नतीजा आज सबके सामने है–जिस रूट पर रोज 1.10 लाख से अधिक वाहन कलेक्ट्रेट और बनीपार्क के बीच रेंगते हुए भारी जाम में फंसते हैं, वह नीचे बदहाल है; वहीं ऊपर बने 740 मीटर लंबे और 16.75 मीटर चौड़े इस पुल से दिनभर में महज 8 से 10 हजार वाहन ही गुजरते हैं। नाम बदलकर भले ही इसे 'अमरापुरा सेतु' कर दिया गया हो, मगर यह अमरापुर स्थान की ओर से गुजरता ही नहीं है। जाम से मुक्ति दिलाने में भी पूरी तरह नाकाम साबित हुआ है और रात होते ही निजी बसों के अवैध पार्किंग अड्डे में तब्दील हो जाता है। बता दें कि देशभर में गलत टाउन प्लानिंग और जनविरोधी डिजाइनों को दुरुस्त करने के लिए कई सरकारों ने कड़े कदम उठाए हैं। दिल्ली, भोपाल, इंदौर और खुद जयपुर में जनता के लिए नासूर बने बीआरटीएस (BRTS) कॉरिडोर को हटाने का ऐतिहासिक फैसला लिया गया। भोपाल में 90 डिग्री घुमाव वाले जानलेवा ऐशबाग फ्लाईओवर को री-डिजाइन किया गया और नोएडा के सेक्टर 93ए में तकनीकी खामियों के चलते 40 मंजिला दो अवैध सुपरटेक ट्विन टॉवर्स (एपेक्स और सेयान) को जमींदोज किया गया। ऐसे में जयपुर की जनता यह तीखा सवाल पूछ रही है कि जब जनता के पैसे से बने अनुपयोगी बीआरटीएस को हटाया जा सकता है, तो निजी मुनाफे के लिए शहर का दम घोंटने वाले इस मामले में संबंधित लोगों पर प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं की जानी चाहिए?

सरकार ने पेट्रोल पर निर्यात शुल्क को हटाया, डीजल और ATF पर ड्यूटी को बढ़ाया

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने पेट्रोल के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क को घटाकर शून्य कर दिया है। साथ ही, डीजल और एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) पर विशेष निर्यात शुल्क में क्रमशः 3 रुपए प्रति लीटर और 0.50 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि की है। यह जानकारी वित्त मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी अधिसूचना में दी गई। नई संशोधित दरों के मुताबिक, पेट्रोल के निर्यात पर शुल्क अब शून्य हो गया है, जो कि पहले 2.5 रुपए प्रति लीटर था। डीजल के निर्यात पर शुल्क बढ़कर 11.50 रुपए प्रति लीटर हो गया है, जो कि पहले 8.5 रुपए प्रति लीटर था। एटीएफ के निर्यात पर शुल्क को बढ़कर 11 रुपए प्रति लीटर कर दिया

है, जो कि पहले 10.50 रुपए प्रति लीटर था। मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने और अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने के कारण मार्च के अंत में निर्यात शुल्क लागू किए गए थे। इसकी समीक्षा केंद्र सरकार द्वारा हर 15 दिन में दी जाती है। इसका उद्देश्य ऐसे समय में रिफाइनरों को घरेलू खरीदारों के मुकाबले विदेशी बाजारों को प्राथमिकता देने से रोकना है, जब वैश्विक स्तर पर कीमतें निर्यात के लिए बेहतर लाभ प्रदान कर रही हैं। अमेरिका और ईरान में तनाव बढ़ने और हॉर्मुज स्ट्रेट के बंद होने के कारण कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उछाल देखा जा रहा है। अब ब्रेंचमार्क ब्रेंट क्रूड का दाम बढ़कर 113.10 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। बीते एक हफ्ते में इसमें 1.55 प्रतिशत और बीते एक महीने में 15.71 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है। वहीं, पिछले तीन महीनों में यह करीब 26 प्रतिशत बढ़ चुका है। संघर्ष शुरू होने से पहले, भारत के कच्चे तेल के आयात का लगभग 45 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज स्ट्रेट से होकर आता था। यह एक प्रमुख समुद्री मार्ग है जो फारस की खाड़ी को वैश्विक बाजारों से जोड़ता है। इस रास्ते से होने वाले व्यापारिक जहाजों के आवागमन में बाधा आने के कारण, भारत को तेल मंगाने के लिए अन्य विकल्पों की तलाश करनी पड़ी है।

फिल्ममेकर संजय गुप्ता का निधन

57 साल की उम्र में दुनिया को कहा अलविदा

मुंबई। बॉलीवुड से दुखद खबर सामने आई है। फिल्ममेकर संजय गुप्ता का निधन हो गया है। वे 'कांटे' और 'शूटआउट एट लोखंडवाला' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते थे। फिल्ममेकर अशोक पंडित ने सोशल मीडिया पर उनके निधन की पुष्टि करते हुए शोक जताया है। संजय गुप्ता 57 वर्ष के थे।

पीलीभीत में वोटर लिस्ट से छेड़छाड़ के बाद कार्रवाई, यूपी में सभी ईआरओ कार्यालयों के कंप्यूटर सहायकों की लॉग-इन आईडी होगी बंद

डेली आवाज भारती

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची से जुड़े कार्यों की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। पीलीभीत में ईसीआईनेट पोर्टल पर लॉग-इन आईडी के दुरुपयोग की शिकायत सामने आने के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के सभी जिलों में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) कार्यालयों में तैनात कंप्यूटर सहायकों की लॉग-इन आईडी तत्काल प्रभाव से निष्क्रिय करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही पीलीभीत के मामले में संलिप्त आउटसोर्स कंप्यूटर सहायक की सेवा समाप्त करने का आदेश भी संबंधित फर्म को दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने

जिलों के सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कहें। इसके तहत सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता पंजीकरण केंद्रों पर कार्यरत ऑपरेटरों की ईसीआईनेट पोर्टल से जुड़ी लॉग-इन आईडी को निष्क्रिय किया जाएगा, ताकि इन आईडी के माध्यम से पोर्टल पर किसी भी तरह की गतिविधि नहीं की जा सके। नवदीप रिणवा ने निर्देश दिए हैं कि लॉग-इन आईडी निष्क्रिय किए जाने के बाद संबंधित ईआरओ से इसकी पुष्टि भी प्राप्त की जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी स्वयं सभी विधानसभा क्षेत्रों में की गई कार्रवाई का सत्यापन करेंगे और इसकी अनुपालन आख्या तत्काल मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 127-पीलीभीत से संबंधित प्रकरण में संलिप्त आउटसोर्स कंप्यूटर सहायक की तत्काल सेवा समाप्त करने के निर्देश संबंधित फर्म को जारी कर दिए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि मतदाता सूची से जुड़े कार्यों में शुचिता, सुरक्षा और पारदर्शिता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए सभी जिला निर्वाचन अधिकारी इन निर्देशों का तत्काल और प्राथमिकता के आधार पर अनुपालन सुनिश्चित करें। इस मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इंडी गठबंधन की 'मॉक पार्लियामेंट' बिगड़े हुए शहजादे को खुश करने का ड्रामाः सुधांशु त्रिवेदी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को विश्व बैंक की 'इंडिया पावर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ' के निष्कर्षों की सराहना की। पार्टी ने कहा कि इस रिपोर्ट ने इंडी गठबंधन की 'मॉक पार्लियामेंट' का मजाक उड़ाया है। विपक्षी गठबंधन ने चुनाव प्रक्रिया में अनियमितताओं और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ एक 'सार्वजनिक महाभियोग' कार्यक्रम आयोजित किया था। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि यह रिपोर्ट दर्शाती है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने एक बड़ी आबादी को गरीबी से बाहर निकालने में सफलता हासिल की है। उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए कहा कि भारत में अराजकता फैलाने के अपने इरादों में नाकाम रहने के बाद कांग्रेस ने अपने बिगड़े हुए शहजादे को खुश करने के लिए एक 'नकली संसद' यानी एक बनावटी ड्रामा आयोजित किया।

बांग्लादेश में सर्दियों में बढ़ सकती है महंगाई, खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ने की आशंका

डेली आवाज भारती

मुंबई। बांग्लादेश में आगामी सर्दियों के दौरान महंगाई का एक नया दौर देखने को मिल सकता है। वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में वृद्धि और कृषि उत्पादन लागत बढ़ने से खाद्य पदार्थों के दाम में इजाफा होने की आशंका है। बांग्लादेश के समाचार पत्र द डेली स्टार की एक रिपोर्ट में यह चेतावनी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, अर्थशास्त्रियों ने बढ़ती महंगाई के प्रभाव से कमजोर और निम्न आय वर्ग के परिवारों को बचाने के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को मजबूत करने, बाजार प्रबंधन में सुधार और आर्थिक विकास का लाभ समान रूप से वितरित करने की जरूरत

बताई है। अर्थशास्त्रियों ने चेताया कि आर्थिक दबाव से जूझ रहे परिवार अपनी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए सोना और आभूषण जैसी संपत्तियां बेचने या कर्ज लेने को मजबूर हो सकते हैं। ऐसे परिवारों में वे लोग भी शामिल हैं, जो आधिकारिक गरीबी के आंकड़ों में दर्ज नहीं हैं। एक नागरिक समाज मंच की ओर से आयोजित चर्चा में बांग्लादेश इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज (बीआईडीएस) के महानिदेशक एकेएम इनामुल हक ने कहा कि नीति निर्माताओं को यह मानकर नहीं चलना चाहिए कि आर्थिक हालात जल्द सुधर जाएंगे। उन्हें स्थिति और खराब होने की आशंका को ध्यान में रखते हुए तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तेल की कीमतों में वृद्धि से उर्वरक, कीटनाशक और कृषि से जुड़े अन्य संसाधनों की लागत बढ़ गई है। इससे कृषि उत्पादन लागत लगभग दोगुनी हो गई है, जिससे खाद्य पदार्थों की कीमतों को लेकर चिंता बढ़ गई है। हक ने सार्वजनिक खाद्य वितरण प्रणाली की समीक्षा करने की जरूरत बताई। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण परिवारों पर ध्यान देने की बात कही, जिन्हें मौसमी आय में अनिश्चितता का सामना करना पड़ता है।

दिल्ली-काशी के बीच दौड़ेगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन, सीएम योगी बोले- 'पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को मिलेगी गति'

डेली आवाज भारती

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज 'नया उत्तर प्रदेश' आधुनिक रेल परिवहन और युवाओं के कौशल सशक्तीकरण की दो महत्वपूर्ण उपलब्धियों का साक्षी बनेगा। मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को वाराणसी और दिल्ली के बीच चलने वाली अत्याधुनिक वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, बाबा विश्वनाथ की पावन नगरी काशी से राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली तक रेल संपर्क को नई गति देने के लिए आज प्रधानमंत्री के कर-कमलों द्वारा अत्याधुनिक वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का शुभारंभ होगा।' साथ ही, सीएम योगी

आदित्यनाथ ने बताया कि लखनऊ में 'सरदार वल्लभभाई पटेल कौशल प्रशिक्षण व रोजगार क्षेत्र विकास योजना' का शुभारंभ भी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल युवाओं के कौशल को निखारकर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसरों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सीएम योगी ने 'एक्स' पोस्ट में कहा, एक ओर आधुनिक रेल सेवा से नए उत्तर प्रदेश में व्यापार, पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी, वहीं दूसरी ओर कौशल विकास की यह पहल युवाओं को प्रदेश की प्रगति में सशक्त सहभागी बनाएगी। एक अन्य पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पूर्व उत्तर प्रदेश में तुष्टीकरण, जातिवाद और परिवारवाद की राजनीति ने समाज को बांटने का कार्य किया और राष्ट्रीय एकात्मता की भावना को कमजोर कर सामाजिक समरसता को आघात पहुंचाया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार ने इस परिस्थिति को बदला। हमने 'राष्ट्र प्रथम' की भावना और 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र को सुशासन का आधार बनाकर सामाजिक समरसता को सुदृढ़ किया और श्रद्धेय सरदार पटेल जी की अमूल्य विरासत को 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के संकल्प से जोड़ा।' सरदार वल्लभभाई पटेल को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ÷जिस राष्ट्रीय एकात्मता के लिए 'भारत रत्न' लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी ने अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया, उसे अक्षुण्ण बनाए रखना प्रत्येक भारतीय का पावन कर्तव्य है। 'जनता से अपील करते हुए सीएम योगी ने कहा, सरदार पटेल के 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को जन-जन की चेतना और आचरण में उतारने का सामूहिक अवसर है, सरदार पटेल की जयंती और 'राष्ट्रीय एकता दिवस' पर आयोजित 'रन फॉर यूनिटी'। आइए, इस 'एकता दौड़' में सहभागी बनें। हमारा हर कदम राष्ट्र की अखंडता के प्रति समर्पण और 'राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम' के अटल संकल्प का प्रतीक बने।

पश्चिम बंगालः भाजपा शासन में टीएमसी के पांच पूर्व मंत्री गिरफ्तार, सिर्फ एक को मिली जमानत

डेली आवाज भारती

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के पहले छह महीनों के दौरान ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पिछली तृणमूल कांग्रेस सरकार के पांच पूर्व मंत्रियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें से फिलहाल केवल एक ही जमानत पर बाहर है। ये मामले पिछली तृणमूल कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान हुई कथित गड़बड़ियों से जुड़े हैं। पूर्व मंत्रियों की गिरफ्तारी की शुरुआत राज्य के पूर्व अग्निशमन सेवा मंत्री सुजीत बोस से हुई थी। इसके बाद तीन अन्य पूर्व परिवहन राज्यमंत्री रहे दिलीप मंडल, पूर्व सुधार सेवा मंत्री उज्ज्वल बिस्वास और उत्तर बंगाल विकास विभाग संभालने वाले उदयन गुहा को गिरफ्तार किया गया था। इस सूची में सबसे नया नाम इंद्रनील सेन का है, जो राज्य के पूर्व पर्यटन मंत्री और सूचना

एवं सांस्कृतिक मामलों के राज्यमंत्री रह चुके हैं। गायक से राजनेता बने सेन को इस हफ्ते की शुरुआत में एक कथित फर्जी 'दुर्गा पूजा पास' घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। यह मामला यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त दुर्गा पूजा उत्सव से जुड़े टूर (यात्राओं) से जुड़ा है। इन पांच पूर्व मंत्रियों में से फिलहाल उज्ज्वल बिस्वास ही जमानत पर बाहर हैं। सेन पुलिस हिरासत में हैं जबकि बोस सहित बाकी तीन पूर्व मंत्री न्यायिक हिरासत में हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सुजीत बोस को पश्चिम बंगाल में नगर निकायों की भर्तियों से जुड़े करोड़ों रुपये के 'नौकरी के बदले नकद' मामले में गिरफ्तार किया था। वहीं, दिलीप मंडल, उज्ज्वल बिस्वास और उदयन गुहा को पश्चिम बंगाल पुलिस ने भ्रष्टाचार, जबरन वसूली और राजनीतिक हिंसा के आरोपों से जुड़े मामलों में गिरफ्तार किया था। इंद्रनील सेन को इस हफ्ते की शुरुआत में कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया। इन पांचों में से वे अकेले ऐसे व्यक्ति हैं, जिनके खिलाफ ईडी और कोलकाता पुलिस दोनों ही कथित फर्जी 'दुर्गा पूजा पास' घोटाले की समानांतर जांच कर रहे हैं। सेन के खिलाफ चल रहे मामले ने तब विशेष ध्यान खींचा, जब ईडी की जांच में पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का नाम सामने आया। इस महीने की शुरुआत में ईडी ने एक बयान जारी किया, जिसमें 'ऑक्टेव रिकॉर्ड्स' नामक कंपनी से जुड़े एक लेन-देन के मामले में ममता बनर्जी का नाम लिया गया।

कांग्रेस नेताओं का दावा-इंडिया ब्लॉक की रैली में जुटेंगे 10 लाख से ज्यादा लोग, व्यापारियों को नुकसान पहुंचाना मकसद नहीं

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को प्रस्तावित इंडिया ब्लॉक की रैली को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो चुकी है। भाजपा नेताओं ने रैली के कारण व्यापारियों और आम लोगों को होने वाली परेशानियों पर सवाल उठाए, इसी बीच कांग्रेस नेताओं ने पलटवार किया है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि रैली आयोजित करने का मकसद व्यापारी वर्ग को किसी तरह का नुकसान पहुंचाना नहीं है। इस रैली में 10 लाख से अधिक लोग शामिल होंगे। कांग्रेस सांसद चमाला किरण कुमार रेड्डी ने कहा कि 1 नवंबर को यहां पर %वोट बचाओ% को लेकर रैली होने वाली है। हमारी मांग है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाया जाए। अगर

इस मामले में संसद में ठीक से चर्चा हुई होती, तो आज ऐसी नौबत नहीं आती। उन्होंने कहा कि इस रैली को सफल बनाने के लिए देशभर से लोग यहां आ रहे हैं। कांग्रेस सांसद पवन खेड़ा ने कहा कि 10 लाख से ऊपर लोग आएंगे। दिल्ली का दिल बहुत बड़ा है। रैली के कारण व्यापारियों को नुकसान होने की आशंका के सवाल पर उन्होंने कहा कि बुधवार को जब मार्केट खुली हुई थी, तब भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन की रैली से व्यापारियों को नुकसान नहीं हुआ लेकिन रविवार को जब मार्केट बंद है, तब विपक्ष की रैली से व्यापारियों को नुकसान हो जाएगा? बताइए, इस बात पर कौन विश्वास करेगा? उन्होंने कहा कि बहुत अच्छी व्यवस्था है और पूरी तैयारी हो चुकी है। बरसात के बावजूद हमारे कार्यकर्ताओं की मेहनत आपको कल देखने को मिलेगी। कांग्रेस सांसद कर्मवीर सिंह बौद्ध ने कहा कि संविधान पर हमला हो रहा है। संविधान द्वारा बनाई गई सभी संवैधानिक संस्थाओं पर एक-एक करके भाजपा सरकार ने कब्जा कर लिया है। लाखों-करोड़ों वोट काटकर हारी हुई सरकार को जिताने का काम किया गया है। देश का संविधान खतरे में है, इसलिए रामलीला मैदान का पंडाल छोटा पड़ जाएगा। लोग बहुत उत्साहित हैं। कई लोग दिल्ली पहुंच चुके हैं और कई अभी आ रहे हैं। एक बहुत बड़ी और ऐतिहासिक रैली होगी। सीईसी ज्ञानेश कुमार को पद छोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि व्यापारी हमारे भाई हैं। हमारा मकसद उनका नुकसान कराना नहीं है। संविधान और लोकतंत्र खतरे में है, उसे बचाना हमारी प्राथमिकता है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने रैली के कारण व्यापारियों को नुकसान होने की आशंका के सवाल पर कहा कि जब देश का लोकतंत्र और संविधान सुरक्षित रहेगा, तभी हम दीपावली और होली मना पाएंगे। यह रैली देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए है। यह राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के साथियों का आह्वान है। अब यह एक जनआंदोलन बन चुका है।

कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि एक नवंबर को रविवार है और आसपास का बाजार बंद रहता है। जब लाखों लोग दिल्ली आएंगे तो उससे व्यापार बढ़ेगा। व्यापार के नुकसान का सवाल नहीं है। भाजपा से जुड़े व्यापारी झूठ फैलाने का काम कर रहे हैं। मैं यह कहता हूं कि जो व्यापारी भाजपा के झूठ में शामिल नहीं हैं, उन सभी का इस रैली में आह्वान है। आइए, हमारे साथ शामिल हों।

CMYK

page 8_Layout 1 31-10-2026 21:45 Page 1

बुड्ढा दरिया के प्रदूषण पर सीएम भगवंत मान सख्त

डेयरी संचालकों और अधिकारियों को किया तलब, 800 करोड़ खर्च होने के बावजूद नहीं सुधरे हालात

डेली आवाज भारती

लुधियाना/चंडीगढ़, पंजाब के लुधियाना में बुड्ढा दरिया के बढ़ते प्रदूषण को लेकर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सख्त रुख अपनाया है। दरिया में लगातार गिर रहे डेयरी कचरे और गोबर की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री ने 31 अक्टूबर को चंडीगढ़ में डेयरी संचालकों और संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक बुलाई है। राज्यसभा सांसद संत बलबीर सिंह सीचेवाल ने हाल ही में बुड्ढा दरिया की सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए बताया था कि रोजाना करीब 75 टन गोबर दरिया में पहुंच रहा है। उन्होंने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी नाराजगी जताई थी। रिपोर्ट के अनुसार, बुड्ढा दरिया की सफाई और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटों पर करीब 800 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन डेयरी कचरे के कारण सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। मुख्यमंत्री की बैठक में ताजपुर रोड और हैबोवाल डेयरी कॉम्प्लेक्स के संचालकों के साथ नगर निगम कमिश्नर, पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिला प्रशासन के अधिकारियों को भी बुलाया गया है। गौरतलब है कि डेयरी संचालकों के खिलाफ पहले ही 263 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। अब सरकार का जोर गोबर और डेयरी अपशिष्ट के उचित निपटारे की व्यवस्था बनाने तथा प्रदूषण फैलाने वालों की जिम्मेदारी तय करने पर है। लुधियाना के लोगों के लिए बुड्ढा दरिया का प्रदूषण लंबे समय से गंभीर समस्या बना हुआ है। अब देखना होगा कि मुख्यमंत्री की इस बैठक के बाद सफाई अभियान को कितनी गति मिलती है।

पंजाब के 41 सरकारी अस्पतालों में तैनात होंगे 205 सुरक्षा गार्ड, 1 नवंबर से संभालेंगे जिम्मेदारी

डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए सरकार का बड़ा फैसला

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य के 41 सब-डिविजनल अस्पतालों में 205 सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएंगे।

इनकी तैनाती 1 नवंबर 2026 से शुरू होगी। पंजाब हेल्थ सिस्टम्स कॉरपोरेशन (PHSC) की ओर से 27 अक्टूबर को जारी आदेश के अनुसार प्रत्येक अस्पताल में पांच सुरक्षा कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। इनकी भर्ती पंजाब एक्स-सर्विसमैन कॉरपोरेशन (PESCO) के माध्यम से होगी। शुरुआत में यह व्यवस्था पांच महीने यानी 31 मार्च 2027 तक लागू रहेगी। सरकार का यह फैसला सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों और कर्मचारियों पर हो रहे हमलों की घटनाओं के बाद लिया गया है। हाल ही में खरड़ के सरकारी अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात एक महिला डॉक्टर के साथ कथित मारपीट की घटना सामने आई थी। इसके बाद डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग उठाई थी। पंजाब सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन (PCMSA) के अनुसार पिछले दो वर्षों में सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ हिंसा की लगभग 90 से 100 घटनाएं सामने आई हैं। इस व्यवस्था के तहत 34 अस्पतालों के सुरक्षा गार्डों का खर्च PHSC के माध्यम से उठाया जाएगा, जबकि सात अस्पताल अपने यूजर चार्ज से भुगतान करेंगे। सरकार के इस फैसले से अस्पतालों में रात के समय ड्यूटी करने वाले डॉक्टरों और अन्य कर्मचारियों को सुरक्षा मिलने की उम्मीद है।

पटियाला में अवैध हथियारों के नेटवर्क का पर्दाफाश

- 9 पिस्तौल और 10 कारतूस समेत तीन आरोपी गिरफ्तार; बंबीहा गैंग को होनी थी हथियारों की सप्लाई

डेली आवाज भारती

पटियाला। पंजाब में गैंगस्टरों और अवैध हथियारों की सप्लाई के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पटियाला पुलिस ने एक हथियार तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 9 अवैध .32 बोर पिस्तौल, 10 जिंदा कारतूस और 16 मैगजीन बरामद की हैं।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक सफेद रंग की हुंडई वरना कार भी जब्त की है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि ये हथियार मध्य प्रदेश से खरीदे गए थे और पंजाब में आगे सप्लाई किए जाने थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जसविंदर सिंह उर्फ गोरा निवासी कोइर सिंह वाला (बठिंडा), लखबीर सिंह उर्फ लड्डी निवासी पुर गांव (पटियाला) और गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी निवासी अमीर कॉलोनी, राजपुरा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, बरामद 9 पिस्तौलों में से 4 हथियार बंबीहा गैंग तक पहुंचाने की योजना थी। जांच में यह भी सामने आया कि मुख्य आरोपी जसविंदर सिंह अपने गांव के दो व्यक्तियों की हत्या की साजिश रच रहा था। पुलिस का दावा है कि समय रहते कार्रवाई करके संभावित वारदात को टाल दिया गया। CIA स्टाफ राजपुरा और थाना सिटी राजपुरा की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। फिलहाल तीनों आरोपी पुलिस रिमांड पर हैं और हथियारों के सप्लायर तथा आगे इन्हें प्राप्त करने वाले लोगों की पहचान की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए जांच जारी है।

मकान के अंदर चल रही दवाइयों की फैक्ट्री का भंडाफोड़, करोड़ों का माल बरामद

एंटी नारकोटिक सेल ने की रेड; चंडीगढ़, दिल्ली और मुंबई तक कूरियर व ऑनलाइन के जरिए होती थी सप्लाई

- लुधियाना निवासी के खिलाफ ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज

डेली आवाज भारती

जीरकपुरःतरनप्रीत सिंह गिल : जीरकपुर के गांव रामगढ़ भूड़ा में एक मकान के अंदर चल रही नकली दवाओं और नशीले टीकों की बड़ी फैक्ट्री का पुलिस और ड्रग्स कंट्रोल विभाग ने संयुक्त रूप से भंडाफोड़ किया है। एंटी नारकोटिक सेल और स्थानीय पुलिस की छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में नकली दवाएं, जिम में इस्तेमाल होने वाले एनाबॉलिक स्टेरॉयड, नशीले टीके और पैकिंग मशीनरी बरामद की गई है। मौके से लुधियाना निवासी मुख्य आरोपी को काबू कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यहां तैयार होने वाले नकली माल को नामी ब्रांडों के फर्जी लेबल लगाकर ऑनलाइन माध्यम और कूरियर के जरिए चंडीगढ़, लुधियाना, दिल्ली और मुंबई तक भेजा जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर हुई कार्रवाई एंटी नारकोटिक सेल मुबारकपुर के इंचार्ज इंस्पेक्टर दरबारा सिंह अपनी टीम के साथ सिंहपुरा चौक के पास गश्त पर थे। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि लुधियाना के छोटा चंदन नगर का मूल निवासी और हाल निवासी सिंहपुरा वरिंदर शर्मा ने रामगढ़ भूड़ा स्थित गुरुद्वारा साहिब वाली गली के एक मकान में अवैध फैक्ट्री बनाई हुई है। बिना किसी लाइसेंस के वहां मिलावटी दवाएं, नशीली गोलियां और प्रतिबंधित टीके तैयार किए जा रहे हैं। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मकान की घेराबंदी की और आरोपी को काबू कर लिया। छापेमारी के दौरान मकान के अंदर ऑटोमैटिक और अर्ध-ऑटोमैटिक मशीनें, विभिन्न साल्ट, केमिकल, बोरियों में भरे खाली कैप्सूल, ढक्कन, कांच की शीशियां और प्रिंटेड लेबल बड़ी संख्या में बरामद हुए। आरोपी कच्चा माल मिलाकर दवाएं तैयार करता था और फिर ब्रांडेड कंपनियों के फर्जी स्टिकर लगाकर बाजार में खपाता था। जब्त किए गए स्टॉक की कीमत करोड़ों रुपये बताई जा रही है।

युवाओं की सेहत और जान के साथ खिलवाड़

ड्रग्स विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मौके से भारी मात्रा में एनाबॉलिक स्टेरॉयड और एनडीपीएस एक्ट के दायरे में आने वाला पेंटाजोसिन इंजेक्शन भी बरामद हुआ है। जिम जाने वाले युवा मांसपेशियां बनाने के लिए बिना डॉक्टरी सलाह के इन स्टेरॉयड का इस्तेमाल करते हैं, जिससे हार्ट अटैक और किडनी फेलियर जैसी जानलेवा बीमारियों का खतरा बना रहता है।
कूरियर और ऑनलाइन नेटवर्क की हो रही जांच पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना जीरकपुर में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब इस बात की भी जांच कर रही है कि मकान मालिक ने बिना पुलिस वेरिफिकेशन के किराए पर मकान क्यों दिया था और इस रैकेट के पीछे अन्य कौन से लोग शामिल हैं।

विजिलेंस जागरूकता सप्ताह के तहत कम्युनिटी सेंटर ठीकरीवाल में सेमिनार आयोजित

- रिश्वतखोरी के खिलाफ शिकायत के लिए एंटी करप्शन हेल्पलाइन नंबर 9501200200 जारी

डेली आवाज भारती

बर्नाला, (नवीन काली)। विजिलेंस ब्यूरो यूनिट बर्नाला की ओर से विजिलेंस जागरूकता सप्ताह के तहत गांव ठीकरीवाल के कम्युनिटी सेंटर में ग्रामीण स्तर पर जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों की कड़ी के तहत आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विजिलेंस ब्यूरो पंजाब के मुख्य निदेशक श्री शरद सत्य चौहान आईपीएस के दिशा-निर्देशों तथा पटियाला रेंज के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजिलेंस ब्यूरो श्री राजपाल सिंह हुंदल पीपीएस के नेतृत्व में करवाया गया। सेमिनार के दौरान विजिलेंस ब्यूरो यूनिट बर्नाला के इंस्पेक्टर गुरमेल सिंह ने उपस्थित लोगों से रिश्वतखोरी को रोकने के लिए विजिलेंस ब्यूरो का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने विजिलेंस ब्यूरो के कार्यों और भ्रष्टाचार के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर तर्कशील सोसायटी भारत के प्रधान राजा राम, गांव ठीकरीवाल के सरपंच करनजीत सिंह, पंचायत सदस्य जसप्रीत सिंह, जग्रूप सिंह काका, हरबंस सिंह औलख, जरनैल सिंह, राज सिंह भुल्लर, हरप्रीत सिंह धालीवाल और हरजोत सिंह सरां सहित गांव के गणमान्य लोगों ने भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने भ्रष्टाचार से समाज को होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए लोगों से रिश्वतखोरी के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। इंस्पेक्टर गुरमेल सिंह ने लोगों को जानकारी दी कि यदि कोई सरकारी अधिकारी या कर्मचारी रिश्वत की मांग करता है तो इसकी शिकायत विजिलेंस ब्यूरो पंजाब को की जा सकती है। उन्होंने पंजाब सरकार की एंटी करप्शन एक्शन लाइन के हेल्पलाइन नंबर 9501200200 और विजिलेंस ब्यूरो की वेबसाइट के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने लोगों से अपील की कि भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ बिना डर के शिकायत करें और भ्रष्टाचार मुक्त समाज बनाने में अपना योगदान दें।

सिंहपुरा फ्लाईओवर के पास लगातार धंस रहे नाले का NHAI ने लिया संज्ञान

निर्माण एजेंसी ने मरम्मत का काम किया शुरू, खराब स्लैब तोड़कर दोबारा बनाने की कार्रवाई जारी

डेली आवाज भारती

जीरकपुरःतरनप्रीत सिंह गिल, चंडीगढ़-अंबाला नेशनल हाईवे पर सिंहपुरा फ्लाईओवर के पास बार-बार धंस रहे नाले और सड़क के बीच रखे नीले ड्रमों के कारण हादसों का खतरा बढ़ने के मामले को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ह्यादृढ़) ने गंभीरता से लिया है। ह्यादृढ़ के निर्देशों के बाद संबंधित निर्माण एजेंसी क्यष्ठक्क ने शनिवार को धंसे हुए नाले की मरम्मत का काम शुरू कर दिया है। एजेंसी द्वारा क्षतिग्रस्त स्लैब को तोड़कर नए सिरे से बनाया जा रहा है। इसके साथ ही हाईवे के अन्य हिस्सों में भी जहां नाले की मरम्मत की जरूरत है, वहां काम कराया जा रहा है। गौरतलब है कि सिंहपुरा फ्लाईओवर से अंबाला की ओर उतरते ही मुख्य लेन के पहले कट के पास बरसाती पानी की निकासी के लिए बनाई गई ड्रेनेज लाइन की स्लैब धंस गई थी। यह नाला पिछले एक साल में कई बार टूट चुका था। हर बार एजेंसी द्वारा अस्थायी मरम्मत कर दी जाती थी, लेकिन कुछ ही दिनों बाद स्लैब फिर से उखड़ जाती थी। इस बार भी नाला धंसने के बाद एजेंसी ने तुरंत मरम्मत कराने के बजाय सड़क के बीच नीले रंग के प्लास्टिक के ड्रम रख दिए थे। हाईवे पर फ्लाईओवर की ढलान से उतरते समय वाहनों की रफ्तार काफी तेज होती है। ऐसे में पहले कट के पास अचानक सड़क के बीच रखे ये ड्रम वाहन चालकों के लिए बड़ा खतरा बन रहे थे। ड्रमों पर लगी रेडियम पट्टी भी इतनी कम थी कि रात के समय दूर से इनकी पहचान करना मुश्किल हो जाता था। दिन के समय तो चालक किसी तरह बचकर निकल जाते थे, लेकिन अंधेरा होते ही यह जगह एक्सीडेंट प्रोन जोन बन जाती थी। दोपहिया वाहन चालकों के लिए अचानक ब्रेक लगाना या वाहन मोड़ना बेहद खतरनाक था।

भारी वाहनों का दबाव नहीं झेल पा रहा नाला

हाईवे पर चौबीसों घंटे भारी ट्रक और ट्रेलर गुजरते हैं, जिसके कारण लगातार पड़ रहे दबाव से ड्रेनेज लाइन की स्लैब क्षतिग्रस्त हो जाती है। ऐसे में बार-बार होने वाली अस्थायी मरम्मत की जगह अब एजेंसी द्वारा स्लैब को पूरी तरह तोड़कर मजबूती के साथ नए सिरे से बनाने का काम शुरू किया गया है।

सरकारी हाई स्कूल गहल के विद्यार्थियों को पराली प्रबंधन के प्रति किया जागरूक

- अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर ने पेंटिंग, लेखन और भाषण प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया सम्मानित

डेली आवाज भारती

बर्नाला, (गोपाल)। डिप्टी कमिश्नर श्री हरप्रीत सिंह के दिशा-निर्देशों के तहत जिला प्रशासन और कृषि विभाग बर्नाला की ओर से पराली के उचित प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण को लेकर चलाई जा रही जागरूकता मुहिम के अंतर्गत सरकारी हाई स्कूल गहल में विद्यार्थियों की पेंटिंग, लेखन और भाषण प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को पराली न जलाने, पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (जनरल) श्री विवेक कुमार मोदी आईएएस ने कहा कि पराली जलाने की समस्या के समाधान के लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग जरूरी है। स्कूली विद्यार्थी इस मुहिम की अहम कड़ी बन सकते हैं। वे अपने माता-पिता और आसपास के लोगों को पराली न जलाने तथा इसके उचित प्रबंधन के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करने में सहायक होती हैं। मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. सुखपाल सिंह गिल ने कहा कि पराली का उचित प्रबंधन समय की मुख्य जरूरत है। आधुनिक कृषि मशीनरी के इस्तेमाल से पराली को बिना जलाए खेतों में ही संभाला जा सकता है।

जालंधर में टेंट हाउस के गोदाम में भीषण आग, 1300 कुर्सियां-कूलर समेत सब खाक; लाखों का हुआ नुकसान

किसी शरारती तत्व द्वारा जानबूझकर आग लगाने की आशंका जताई, आग इतनी भीषण थी अंदर रखा सामान बचाने का मौका नहीं मिला

- रंजीत बिल्ला की 'बिल्ला टेंट एंड साउंड सर्विस' के नाम से है दुकान

डेली आवाज भारती

जालंधर/जतिनः जालंधर के शाहकोट के नजदीकी गांव नंगल अंबियां में बीती रात एक टेंट हाउस के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि गोदाम में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। इस हादसे में टेंट हाउस मालिक को करीब 20 लाख का आर्थिक नुकसान हुआ है। वहीं, मालिक ने किसी शरारती तत्व द्वारा जानबूझकर आग लगाने की आशंका जताई है। आग इतनी भीषण थी कि अंदर रखा सामान बचाने का मौका तक नहीं मिला। गांव नंगल अंबियां निवासी रंजीत कुमार बिल्ला 'बिल्ला टेंट एंड साउंड सर्विस' के नाम से दुकान चलाते हैं। उन्होंने करीब एक महीने पहले ही नया गोदाम तैयार करवाया था। बीती रात करीब 12 बजे अचानक गोदाम से आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। गोदाम में प्लास्टिक और कपड़े का सामान अधिक होने के कारण आग तेजी से फैल गई। गोदाम में करीब 1300 कुर्सियां, मेज, 10 कूलर, पंखे, टेंट का सामान, पीटर रेहड़ा और अन्य जरूरी सामग्री रखी हुई थी। आग की चपेट में आने से यह सारा सामान पूरी तरह जल गया। इसके अलावा गोदाम का शेड भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में करीब 20 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। एक महीने पहले तैयार करवाया गया नया गोदाम भी आग से तबाह हो गया।

ग्रामीणों ने संभाला मोर्चा, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

गोदाम से आग की ऊंची लपटें उठती देखकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की और तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद नकोदर से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक गोदाम में रखा पूरा सामान जल चुका था।

CMYK